दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 332 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 27 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल ने अशोक गहलोत पर कसा तंज और कहा-जोधपुर वाले नेता तो यहां नहीं आते मैं तो महीने में दो बार आ रहा

## मुख्यमंत्री ने जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान हस्तशिल्प मेले का किया उद्घाटन और लघु उद्योग भारती की इस्मारिका का किया विमोचन, मेले में 800 स्टॉल 15 ड्रोन और सैन्य हथियारों की भी प्रदर्शनी, ऑपरेशन सिंदूर की भी थीम मेले में आकर्षण का केंद्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जोधपुर में रामलीला मैदान में पश्चिमी राजस्थान हस्तशिल्प मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर भजन लाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम लिए बिना उन पर तंज कसा और कहा कि जोधपुर वाले नेता तो यहां नहीं आते लेकिन में जोधपुर में मुख्यमंत्री बनने से पहले और मुख्यमंत्री बनने के बाद हर महीने एक दो बार तो आता ही हूं । उन्होंने कहा कि जोधपुर से मेरा बहुत पुराना रिश्ता रहा है जब मैं पार्टी के संगठन में था तब जोधपुर संभाग का प्रभारी था और यहां पर हर महीने 8 या 10 दिन तक जोधपुर में ठहरता था इसलिए जोधपुर से उनका गहरा रिश्ता और गहरा लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि बाकी जोधपुर शहर सांस्कृतिक एवं सामाजिक शहर है। हस्तशिल्प और उद्योगों की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण शहर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लघु उद्योग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं राष्ट्र निर्माण और सेवा भावना से लघु उद्योग भारती संगठन काम करता है पहले गांव में जो लघु उद्योग चलते थे वह गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते थे है बाजार में उत्पादों का आदान-प्रदान होता था इससे रिश्ते मजबूत बनते थे शादी विवाह में काम आने वाले सामान भी गांव के है बाजार में मिल जाते थे आज लघु उद्योगभारती ने उनके महत्व को पहचाना ऐसे उद्योग पुनर्जीवित करने का काम कर रहे हैं । उन उद्योगों से महिलाओं को संबल मिल रहा है । हस्तशिल्प ग्रामीण भारत को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जोधपुर में पानी की समस्या के समाधान के लिए गंग नहर में अतिरिक्त पानी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा नर्मदा का पानी लाने का प्रयास भी किया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जोधपुर



ही नहीं बल्कि प्रदेश के हर जिले में लोगों को पीने का पानी और खेती में कृषक को सिंचाई का समुचित पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में पिछले 2 साल में कई बड़े निर्णय और कई बड़े फैसले लिए जिसमें ईआरसीपी प्रोजेक्ट को फाइल से निकाल कर धरातल पर लाया गया। जिसमें प्रदेश के पूर्वी हिस्से के कई जिलों के लाखों लोगों को पीने का पानी और किसानों को खेती का पानी उपलब्ध होगा इसी तरह से शेखावाटी में पीने का पानी उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा सरकार से यमुना जल समझौता किया गया जिसकी डीपीआर तैयार की जा रही है इसी तरह से गंग नहर में पानी की समुचित व्यवस्था की गई है तथा नहरी क्षेत्र में नहर की मरमत सफाई संरक्षण इत्यादि के लिए सरकार की ओर से समुचित बजट उपलब्ध करवाया गया है। प्रदेश के डूंगरपुर उदयपुर बांसवाड़ा प्रतापगढ़ चित्तौड़गढ़ भीलवाड़ा जिले में भी पानी के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू कीजिए इस तरह से प्रदेश के सभी जिलों में हमारी सरकार ने अपने पहले ही कार्यकाल में पानी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कार्य किया ।

### अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 28 नवीन नीतियां जारी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष आयोजित हुए राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड रुपए के समझौते हुए । जिसमें से 8 लाख करोड रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है उन्होंने कहा कि हम युवाओं को 5 साल में 4 लाख सरकारी क्षेत्र में तथा 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन करने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं ।अब तक 92000 पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं । 153000 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। निजी क्षेत्र में 250000 से अधिक रोजगार के अवसर दिए जा चुके हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए हमने 28 नवीन नीतियां जारी की है। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ,उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई, अमृता देवी, राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई , सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक देवेंद्र जोशी, अतुल भंसाली ,अर्जुन लाल गर्ग ,लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र गुप्ता सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे

### हस्तशिल्पियों ने परंपरा और पहचान का किया संरक्षण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हस्तशिल्प उद्योग ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण का माध्यम है तथा इन्होंने परंपरा और पहचान का संरक्षण किया है। यह श्रमिकों महिलाओं और गरीबों के स्वावलंबन का माध्यम भी बना है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हस्तशिल्पियों के कल्याण को सर्वोपरि माना है तथा उन्हें कौशल प्रशिक्षण देते हुए नए मार्केट लिंकेज दिया जा रहा है जिससे वह अपने उत्पादों को उचित दाम पर बेच सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हस्तशिल्पियों को सहायता देने के लिए 1197 दस्तकारों को परिचय पत्र जारी किए हैं राज्य सरकार द्वारा बुनकर पुरस्कार योजना बाजार सहायता योजना एवं चरण प्रशिक्षण योजना से विभिन्न हस्तशिल्पियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है साथ ही माटी कलाकारों को निशुल्क इलेक्ट्रिक चौक,मशीन भी दी गई है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना हो रहा साकार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहे हैं राजीविका के माध्यम से महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 19 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी योजना के माध्यम से प्रशिक्षण देकर 12 लाख से ज्यादा लखपति दीदी बनाई गई हैं। साथ ही अब वह मिलेनियम भी बनने जा रही हैं उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं औद्योगिक प्रोत्साहन शिविरों से रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी तरह प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 21 लाख 73000 व्यक्तियों ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है । योजना के तहत 54202 लाभार्थियों को विभिन्न स्वीकृत कर लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध करवाया गया । कारपेंटर मूर्तिकार कुम्हार राजमिस्त्री सहित 18 ट्रेड्स के दस्तकारों को 5 प्रतिशत ब्याज पर ऋण के साथ 2 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि उद्योगों को प्रोत्साहन के लिए राज उद्योग मित्र पोर्टल पर 3266 एमएसएमई उद्योगों को प्राप्त प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं राजस्थान एमएसएमई नीति 2024 को 8 दिसंबर 2024 को अधिसूचित किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना के तहत 7186 आवेदकों को 1946.84 करोड रुपए का ऋण वितरित और 436.82 करोड रुपए का ब्याज अनुदान दिया गया। उन्होंने कहा कि रीको द्वारा 31 औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए 2862 करोड रुपए की स्वीकृति दी गई जोधपुर के बोरानाडा विस्तार क्षेत्र में 161.75 एकड़ पर हैंडीक्राफ्ट और फर्नीचर पार्क विकसित किया गया तथा चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में दो प्रमुख सेरेमिक जोन विकसित किया जा रहे हैं ।

### प्रदेश में बन रहा उद्योग पारक वातावरण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना को अक्टूबर 2024 को अधिसूचित किया गया तथा विभिन्न प्रकरणों में स्टांप ड्यूटी वह भूमि रूपांतरण से संबंधित पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए गए। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना में ब्याज पुनर्बरण हेतु लोन सीमा बढ़ाकर 2 करोड रुपए की गई तथा राजस्थान वित्त निगम द्वारा 332 करोड रुपए के लोन स्वीकृत किए गए उन्होंने कहा कि राज्य में निर्यात को 1.50 लख करोड़ रुपए तक बढ़ाने के लिए राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी अधिसूचित की गई। एक जिला एक उत्पाद पल के तहत राजस्थान ओडीओपी नीति तथा राजस्थान लॉजिस्टिक पॉलिसी 2025 को फरवरी 2025 को लागू किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राज्य के विकास का रोड में बनाकर कार्य किया है। पानी बिजली की प्राथमिकता को सर्वोपरि रखते हुए इस क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए गत सरकार के समय युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ था तथा पेपर लेकर अनेक प्रकरण हुए हमारी सरकार के 2 साल के कार्यकाल में 296 पेपर हुए तथा एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने युवाओं का आवाहन किया कि वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करें राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है ।

# साहिबजादो के बलिदान की गौरव गाथा को प्राथमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में किया जाएगा सम्मिलित : भजनलाल शर्मा

## साहिबजादों के बलिदान से राष्ट्रप्रेम और एकता का सशक्त संदेश : मदन राठौड़








जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान त्याग और शहादत को समर्पित रही। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संयुक्त रूप से किया तथा प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों एवं ऐतिहासिक प्रसंगों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीर बाल दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों का बलिदान राष्ट्रप्रेम धर्मरक्षा और मानव मूल्यों की अमर मिसाल है। उन्होंने विशेष रूप से छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को स्मरण करते हुए बताया कि किस प्रकार अल्पायु में भी उन्होंने अत्याचार के आगे झुकने से इनकार कर अपने धर्म और मूल्यों की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान दिया। माता गुजरी जी के त्याग और साहस को भी प्रदर्शनी के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि साहिबजादो के बलिदान की गौरव गाथा को प्राथमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ी को साहिबजादों के बलिदान इतिहास और गौरवगाथाओं से परिचित कराया जा सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपने संबोधन में हिंदू-सिख एकता पर बल देते हुए कहा कि दोनों धर्मों का मूल स्वरूप मूल्य और राष्ट्रप्रेम की भावना समान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब समाज धर्म या मजहब के आधार पर विभाजित होता है तो राष्ट्र को गंभीर क्षति उठानी पड़ती है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों विशेषकर बांग्लादेश का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय एकता सामाजिक सौहार्द और सांप्रदायिक समरसता की आवश्यकता पर जोर दिया। राठौड़ ने कहा कि साहिबजादों की शहादत युवा पीढ़ी को यह संदेश देती है कि राष्ट्रसेवा और धर्मरक्षा उम्र की मोहताज नहीं होती। बहुत कम आयु में भी सच्चे मूल्यों साहस और संकल्प के साथ अत्याचार के विरुद्ध खड़ा हुआ जा सकता है। इस गरिमामय अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा जयपुर सांसद मंजू शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक सरदार सुरेंद्र पाल सिंह टी. टी प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल भूपेंद्र सैनी जयपुर जिला भाजपा अध्यक्ष अमित गोयल पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अजयपाल अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसवीर सिंहकार्यक्रम संयोजक आशीष चोपड़ा सहसंयोजक ऋषिकेश मीणा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन कार्यक्रम सहसंयोजक प्रीति शर्मा ने किया

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अकाउंट में अगले महीने एक और बड़ी उपलब्धि होने वाली है दर्ज

## बाड़मेर रिफाइनरी की रिफाइनरी का 15 जनवरी को हो सकता है उद्घाटन, पीएम नरेंद्र मोदी के आने की संभावना



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वैसे तो पिछले दो साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार के अकाउंट में कई बड़े ऐतिहासिक फैसले और निर्णय पहले ही दर्ज हो चुके हैं लेकिन नए साल के पहले महीने में ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अकाउंट में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज होने जा रही है और यह उपलब्धि है बाड़मेर की चर्चित रिफाइनरी इस रिफाइनरी का 15 जनवरी को उद्घाटन होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इस रिफाइनरी का उद्घाटन होने जा रहा है हालांकि सरकार की ओर से अभी तक आधिकारिक रूप से जानकारी नहीं दी गई है लेकिन शासन सचिवालय के गलियारों में चर्चा है कि रिफाइनरी का कार्य पूरा हो चुका है इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी पिछले कुछ दिनों से आम सभाओं में अगले साल जनवरी में रिफाइनरी के शुरू होने की बात कह रहे हैं । इसके बाद यह तय माना जा रहा है कि इस रिफाइनरी का उद्घाटन मकर संक्रांति के बाद कभी भी हो सकता है और कहा तो यह जा रहा है कि 15 जनवरी को ही इस रिफाइनरी का उद्घाटन हो सकता है। जानकारी के अनुसार इस रिफाइनरी कार्य का शुभारंभ 16 जनवरी 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही किया था इसके ठीक 8 साल बाद अब उद्घाटन की तैयारी की जा रही है। राजस्थान सरकार के 2 साल के कार्यकाल में पूर्ण होने की उपलब्धि के रूप में भी इसे देखा जा रहा है उद्घाटन को लेकर एक बड़ी सभा की तैयारी बालोतरा में की जा रही है इसमें हजारों लोग पहुंच सकते हैं । जानकारी के अनुसार इसके लिए हर पंचायत स्तर से निविदा निकाली जा रही है जिसमें रिफाइनरी की सभा में आने वालों को भोजन पैकेट उपलब्ध करवाए जाएंगे एक पंचायत समिति से 15000 से अधिक लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। राजस्थान के पचपदरा में 9 मिलियन टन क्षमता वाली एचपीसीएल राजस्थान रिफायनरी लिमिटेड के लिए अरब देशों से क्रूड तेल की आपूर्ति शुरू हो चुकी है वर्तमान में 26000 से अधिक श्रमिक रिफाइनरी निर्माण में कार्यरत हैं जानकारी के अनुसार रिफाइनरी परियोजना के लिए कल 7.5 मिलियन तन क्रूड ऑयल अरब देशों से मंगाया जाएगा जबकि 1.5 मिलियन टन तेल राजस्थान में उत्पादित किया जाएगा इस रिफाइनरी की विशेषता जीरो लिक्विड इन्फ्लुएंस डिस्चार्ज है यानी प्रसंस्करण के दौरान कोई भी अपशिष्ट नहीं होगा।

# चोमू में पत्थर बाजों की धर पकड़ जारी, 50 से ज्यादा अपराधियों को दबोचा, कई जगहों पर पुलिस का फ्लैग मार्च

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** चोमू में बस स्टैंड के पास कालिंद्री मस्जिद के सामने अतिक्रमण हटाने को लेकर मचे बवाल के मध्य नजर पुलिस ने गुरुवार की देर रात उपद्रव मचाने वाले और पुलिस फोर्स पर पत्थर फेंकने वाले उपद्रवियों को चिन्हित करके उन्हें अरेस्ट करने की प्रक्रिया में पुलिस का तगड़ा एक्शन शुक्रवार को देखने को मिला। पुलिस पत्थर फेंकने वाले उपद्रवियों को घर में घुसकर पकड़ती हुई नजर आई। पुलिस की सख्त कार्रवाई को देखकर लोगों में घबराहट छा गई कई लोग भूमिगत हो गए तथा कई लोग हाथ जोड़कर कहते हैं नजर आ रहे थे कि हम तो किराएदार हैं । पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में खबर लिखे जाने तक 50 से ज्यादा पत्थर फेंकने वाले उपद्रवियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था इलाके में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस ने 27 दिसंबर सुबह 7:00 तक इंटरनेट सेवा पूरी तरह से बंद कर दी है। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा इस पूरे मामले



की नियमित रूप से अपडेट ले रहे हैं इसके अलावा जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल भी बराबर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इस पूरे मामले में आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं और पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि चोमू और आसपास के क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए चोमू में कई जगहों पर पुलिस ने फ्लैग मार्च भी निकला है तथा अलग-अलग समुदाय के प्रबुद्ध लोगों से लगातार बातचीत करके चोमू में शांति व्यवस्था बनाए रखना के अपील पुलिस और प्रशासन की ओर से लगातार की जा रही है। फिलहाल चोमू में स्थिति नियंत्रण में है बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश और डीसीपी वेस्ट हनुमान सहाय मौके पर मौजूद हैं । जानकारी के अनुसार चोमू में बस स्टैंड के पास स्थित मस्जिद के सामने बड़ी संख्या में पत्थर पड़े हुए थे । सरकारी जमीन और आम रास्ते पर पत्थर पड़े रहने की वजह से यहां यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई थी यहां पर दो पक्षों की ओर से पत्थर पड़े हुए थे जिन्हें हटाने के लिए पुलिस प्रशासन और दोनों पक्षों के लोगों के बीच आपस में सहमति भी बन गई थी जिसके मध्य नजर एक पक्ष ने पत्थर हटा भी लिए थे लेकिन गुरुवार की देर रात करीब 3:00 बजे एक संप्रदाय विशेष के व्यक्तियों ने दोबारा से वहां पर कब्जा करने के प्रयास में अपनी ओर से कार्रवाई शुरू कर दी। जिस पर सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा तो वहां मौजूद बड़ी संख्या में संप्रदाय विशेष के लोगों ने पुलिस कर्मियों पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। पुलिस कर्मियों पर भीषण तरीके से पत्थर फेके गए जिसकी वजह से आधा दर्जन पुलिस कर्मियों के चोट भी आई है इस बीच पुलिस ने उपद्रवियों और पत्थरबाजों को काबू में करने के लिए आशु गैस के गोले छोड़े इसके बाद उपद्रवी इधर-उधर भाग गए बाद में पुलिस ने मौके पर बड़ी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल बुलवाया पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए चोमू में इंटरनेट सेवा बंद करवा दी और मस्जिद के सामने से पूरी तरह से जिला प्रशासन के बड़े अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। शुक्रवार को पुलिस ने पत्थर फेंकने वाले लोगों को चिन्हित करने का सिलसिला शुरू किया जिसमें पुलिस ने घर घर में घुसकर पत्थर फेंकने वाले लोगों को चिन्हित करके उन्हें अरेस्ट किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से पत्थर फेंकने वाले लोगों में घबराहट छा गई पुलिस ने संप्रदाय विशेष क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है और मुस्लिम बहुल इलाकों में पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च भी निकल गया है और पुलिस के सभी बड़े अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। गुरुवार की देर रात करीब 3:00 बजे जब पुलिस मस्जिद के सामने अतिक्रमण हटा रही थी तब बड़ी संख्या में उपद्रवियों ने पुलिस पर पत्थर फेंक कर उन्हें बैक फुट पर करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस जल्दी ही एक्शन में आ गई और फिर रात के अंधेरे में पत्थर बाजों पर जमकर लाठियां चलाई । हालांकि पत्थर फेंकने से आधा दर्जन पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं लेकिन पुलिस ने शुक्रवार सुबह-सुबह ही घर-घर घुसकर पत्थर फेंकने वालों को अरेस्ट किया कोई पुलिस के सामने हाथ जोड़ रहा था तो कोई रो रहा था कोई कह रहा था मैं तो किराएदार हूं लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा और अन्य तमाम संकेत के आधार पर पत्थर फेंकने वालों को चिन्हित करके उन्हें घर में घुसकर दबोचा मस्जिद के सामने पत्थर होने की वजह से रास्ता बिल्कुल अवरुद्ध हो गया था । पुलिस इस रास्ते को खुलवाना चाहती थी और इसके लिए बाकायदा सहमति भी बन गई थी लेकिन रात के अंधेरे में संप्रदाय विशेष के लोगों ने षडयंत्र पूर्वक दोबारा से अतिक्रमण करने का प्रयास किया पुलिस ने इसका विरोध किया तो पुलिस पर पत्थर फेके गए लेकिन पुलिस के तगड़े एक्शन से पत्थर फेंकने वाले बुरी तरह से घबरा गए पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस को शाबाशी दी है और शुक्रवार को चौमू पुलिस स्टेशन के सामने हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने पुलिस के समर्थन में नारेबाजी की।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
27 दिसम्बर, 2025

# जिला कलक्टर ने ली जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय एवं समीक्षा समिति की बैठक

## जनकल्याणकारी योजनाओं में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निस्तारण कर पात्र लोगों को करावे लाभांवित - जिला कलक्टर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय एवं समीक्षा समिति की बैठक लेकर प्राथमिकता क्षेत्रों एवं सरकारी योजनाओं में बैंकवार फाइनेंसिंग की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पोटेंशियल लिंक्ड क्रेडिट प्लान 2026-27 का विमोचन किया। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला निर्देशित किया कि विभागों के समन्वय से बैंक प्राथमिकता क्षेत्रों में नियमानुसार वित्तीय फाइनेंसिंग करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम रोजगार सृजन योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित-आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना इत्यादि के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्यों के अनुसार पात्र व्यक्तियों के आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाई कर ऋण स्वीकृत एवं वितरण कर लाभान्वित करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना में सैचुरेशन स्तर प्राप्त करने के लिए अधिकाधिक किसानों को क्रेडिट कार्ड योजना से लाभांवित करावे। साथ ही सरस डेयरी के समन्वय से पशुपालकों को भी केसीसी का लाभ प्रदान किया जावे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बैंक वार्षिक क्रेडिट प्लान के अनुसार प्रगति अर्जित करें एवं ऑपरेटिव बैंक अकाउंटों की शत-प्रतिशत रि-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्राथमिकता क्षेत्रों में टारगेट के अनुसार अचीवमेंट अर्जित करने के निर्देश दिए। भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी मनीष मंडल ने सभी बैंकों को निर्देश दिये कि वे जिले के बैंक रहित 42 गांवों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। नाबार्ड की डीडीएम मीनाक्षी मीना ने बैंकों से बकाया एआईएफ (एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड) के आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करें। बैठक के दौरान नाबार्ड अलवर द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए तैयार संभाव्यता युक्त योजना-पीएलपी की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। अग्रणी बैंक जिला प्रबन्धक बाबूलाल पालरिया ने सर्वप्रथम पिछली बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिले में बैंकों ने सभी पैरामीटर्स पर अच्छी उपलब्धि प्राप्त की है। उन्होंने सदन को बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए कृषि क्षेत्रा में 4568 करोड के लक्ष्य के विरूद्ध रूपये 2121 करोड, एमएसएमई में 4022 करोड के लक्ष्यों के विरूद्ध 5358 करोड तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 444 करोड के लक्ष्यों के विरूद्ध 181 करोड़ अर्थात कुल 9034 करोड के लक्ष्य के विरूद्ध 5291 करोड की उपलब्धि सितम्बर2025 तक प्राप्त की है जो कि 58.58 प्रतिशत है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश कुमार डागुर, आरबीआई एलडीओ मनीष मंडल, डीडीएम नाबार्ड मीनाक्षी मीणा, पीएनबी के उप महाप्रबंधक श्वेतांक कुमार, लीड बैंक मैनेजर बाबूलाल पालरिया, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हितेश राजपुरोहित, जिला उद्योग केन्द्र प्रबंधक एमआर मीणा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, जिला स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य सहित सभी बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

# संविदा नर्सेज ने कालीपट्टी बांधकर कराया विरोध दर्ज

## डिप्टी सीएमएचओ सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान नर्सेज भर्ती संघर्ष समिति अलवर के द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम डिप्टी सीएमएचओ डॉ महेश बैरवा को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष उत्सव शर्मा ने बताया कि सभी नर्सेज ने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराकर भर्ती प्रक्रिया पूर्वत 2018 और 2023 की तर्ज पर एवं चिकित्सा नियम 1965 के तहत आगामी नर्सिंग ऑफिसर के 12000 पदों की भर्ती प्रक्रिया जल्द जारी करवाने और भर्ती को पूर्व की तरह मेरिट और बोनस 10, 20, 30 अंक के आधार पर सुनिश्चित करवाने की मांग रखी हैं यह कार्मिक लम्बे समय से अल्प वेतन पर अपनी सेवाए प्रदान कर रहें है। इस मौके पर नितिन, आयुष, अरुण, महेंद्र, चंचल, वर्षा, निरमा, भानू, जुबेर शाहरुख, भुवनेश, सोनू, बिजेंद्र, बलबीर, गौरव, बलराम सहित काफ़ी संख्या में संविदा नर्सिंगकर्मी उपस्थित रहे।

# वन राज्य मंत्री शर्मा ने अलवर सांसद खेल उत्सव अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारम्भ

## क्रिकेट खेल कर खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने क्रिकेट खेल कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने मैच देखकर खिलाडियों की हौसला-अफजाई करते हुए टीम भावना के साथ खिलाडियों को खेल में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं उनको आगे बढाने के लिए अलवर सांसद खेल उत्सव के माध्यम से खेल का बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने पर उनको साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव के माध्यम से ना केवल खिलाडियों को खेल मंच प्रदान किया जा रहा है, बल्कि खिलाडियों को सांई के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अलवर सांसद खेल उत्सव के खिलाडी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर अलवर का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, जोगेन्द्र गुप्ता, सतीश यादव, तुलसी यादव, अशोक आर्य, सत्यभान, सोनू चौधरी, हेतराम, सतपाल, राजेश तिवाडी, रवि यादव, जितेन्द्र सोनी, अरूण जैन, पं. जलेसिंह सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में खिलाडी एवं आमजन मौजूद रहे।

# राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार स्तर पर लंबित प्रकरण, तलफी, पत्थरगड़ी, तरमीन कार्य, एलआर एक्ट, पीडीआर एक्ट, एलआर एक्ट, रोड़ा एक्ट, सीएमओ, स्टेट एवं लोकायुक्त के प्रकरणों पर कार्यवाही कर जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अतिक्रमण के प्रकरण, अवरूद्ध रास्तों को खोलना, नामान्तरण के प्रकरण, सहमति बंटवारा एवं सीमाज्ञान के प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया ताकि फरियादियों को बार-बार जिला मुख्यालय न आना पड़े। उन्होंने कहा की स्थानीय समस्याओं जैसे खराब सड़क, पानी की समस्या सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को जिला स्तर पर अवगत करायें ताकि समय से आमजन को आ रही समस्याओं से निजात दिला सके। उन्होंने अधिकारियों को जमीन आवंटन से संबंधित प्रकरणों को अपने स्तर से निस्तारित करने के निर्देश ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पिछले माह में निस्तारित कोर्ट केस की संख्या की जानकारी लेकर आगामी माह में निर्धारित नॉर्म्स अनुरूप केस निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मैपिंग नहीं हुए मतदाताओं की नोटिस कार्रवाई को करते हुए प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी तिजारा संजीव वर्मा, उपखंड अधिकारी कोटकासिम रेखा यादव, उपखंड अधिकारी मुंडावर सृष्टि जैन जिले के सभी तहसीलदार उपस्थित रहे।

# गिव अप अभियान के तहत 31 दिसम्बर तक अपात्र व्यक्ति हटवाएं नाम

## अपात्र व्यक्तियों से वसूली जाएगी गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से राशि

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गिव अप अभियान के तहत अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से 31 दिसम्बर तक अपना नाम हटवा सकते हैं। अपात्र व्यक्तियों से योजना के प्रारम्भ से प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से वसूली की जाएगी। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं। प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। अब कोई भी अपात्रा व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल https//f ood. rajasthan. gov.in पर उपलब्ध लिंक 'गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) से स्वतः हटने के लिए आवेदन करें' पर आवेदन कर अपना नाम स्वयं खाद्य सुरक्षा सूची से हटा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयकर विभाग से आयकरदाताओं की सूची तथा परिवहन विभाग से चौपहिया वाहनधारकों के नाम प्राप्त किये जा रहे है। इस सूचना के आधार पर उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही तथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं योजना के प्रारंभ से ही प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलो के हिसाब से वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 51 लाख 80 हजार 583 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाए है जिनमें अलवर जिले में 1 लाख 54 हजार 875 व्यक्ति हैं।

# वन राज्यमंत्री शर्मा ने वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों को श्रृध्दा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की

## देश की अस्मिता की सुरक्षा एवं सनातन धर्म को रक्षा में सिख धर्म की महत्वपूर्ण भूमिका - मंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कम्पनी बाग स्थित शहीद स्मारक पर वीर बाल दिवस (शहादत दिवस) के अवसर पर चाणक्य परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर धर्म, एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अल्पायु में ही अपने प्राणों की आहुति देने वाले सिख धर्म के दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों को श्रृध्दा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने गुरू गोविन्द सिंह एवं उनके साहिबजादों जोरावर सिंह व फतेह सिंह को नमन करते हुए कहा कि देश के इन वीरों द्वारा दिए गए बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनका ये बलिदान आने वाली पीढ़ियों को धर्म, सत्य और राष्ट्ररक्षा के मार्ग पर सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि इन वीरों ने अपना बलिदान देकर देश के प्रति आस्था, सनातन धर्म के प्रति समर्पण का संदेश दिया है, जिनका अनुसरण हमारी वर्तमान पीढी को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा वीरों को नमन कर श्रृद्धांजलि अर्पित करने हेतु वीर बाल दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि देश की अस्मिता की सुरक्षा में सिख समाज का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। इस दौरान पं. धर्मवीर शर्मा, सरदार तारा सिंह, मुराली लाल भारद्वाज सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय बीमा समिति (डीएलआईसी) की बैठक आयोजित

## हर नागरिक सुरक्षित, हर ग्राम बीमित: सबको बीमा अभियान 2047 अलवर की निर्णायक पहल




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में सबको बीमा अभियान 2047 के अंतर्गत जिला स्तरीय बीमा समिति (डीएलआईसी) की बैठक आयोजित हुई जिसमें जिले में बीमा कवरेज का व्यापक विस्तार सुनिश्चित कर प्रत्येक पात्र नागरिक को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने अभियान के उद्देश्यों, वर्तमान प्रगति तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशों की पालना में 26 जनवरी 2026 तक जिले के 9 ब्लॉकों के 9 ग्रामों को पूर्ण रूप से बीमित किया जाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अन्य बीमा योजनाओं से प्रत्येक पात्रा व्यक्ति को जोड़ने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत के प्रथम पूर्ण बीमित ग्राम देसूला ग्राम पंचायत को 15 अगस्त 2025 को पूर्ण रूप से बीमित घोषित किया जा चुका है, जो इस अभियान की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसी क्रम में जिले में बीमा विस्तार को और गति देने के उद्देश्य से 26 अगस्त 2026 तक 9 और ग्रामों को पूर्ण रूप से बीमित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में डीडीएम नाबार्ड मीनाक्षी मीणा, लीड बैंक मैनेजर बाबूलाल पालरिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी. मीणा, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि दयाराम मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चंबल लिफ्ट सिंचाई योजना को लेकर राजाखेड़ा क्षेत्र के लोगों में रोष



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विधानसभा क्षेत्र राजाखेड़ा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के अंदर किसानों में आक्रोश गैर। पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार की ओर से 8 वर्ष पूर्व 800 करोड रुपए की लागत से चंबल लिफ्ट नहर सिंचाई योजना की घोषणा की गई थी जिससे समूचा राजाखेड़ा क्षेत्र व कुछ धौलपुर विधानसभा का क्षेत्र सभी के लिए खेती करने के लिए पानी उपयुक्त मात्रा में उपलब्ध होगा और पीने का पानी भी उपलब्ध कराया जाएगा वसुंधरा सरकार के बाद में पुन: कांग्रेस की सरकार आने पर इस नहर के कार्य को एक तरह से ठंडा बस्ते में डाल दिया गया लेकिन बाद में भाजपा सरकार आने पर नहर के काम में तेजी आई और गत आठ दिन पूर्व चंबल लिफ्ट नहर सिंचाई योजना का पानी बसई कार्य ग्राम पंचायत हनुमानपुरा तक डैम मैं आ चुका है जिससे मरैना मछरिया तक लोगों के खेतों की सिंचाई पूर्ण रूप से हो सकेगी, लेकिन राजाखेड़ा क्षेत्र के लिए आगे के लिए इन सटी सभी ग्राम पंचायतो में खेती के लिए पानी की अत्यंत की आवश्यकता है जिसको लेकर 20 सूत्री कार्यक्रम के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व भाजपा नेता के नेतृत्व में 26 दिसंबर को गांधी चबूतरा राजाखेड़ा पर किसानों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राजाखेड़ा के 9 पंचायतों के अंदर शीघ्र नहर के पानी को पहुंचाने की मांग की गई है और इन ग्राम पंचायत में शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस मौके पर यशपाल सिंगरौली, छात्र नेता राजन सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र रोज, हरिशंकर, सविता, राकेश यादव, मुखिया गुर्जर व अन्य दर्जनों व्यक्ति शामिल रहे।

# स्वस्थ दीर्घायु जीवन के लिए आयुर्वेद एवं योग को संकल्प के रूप में अपनाए - सुखवंत सिंह

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 253 रोगी हुए लाभान्वित





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर द्वारा संचालित 'आयुष्मान अलवर अभियान' के तहत जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर एवं पतंजलि योग समिति रामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को निःशुल्क अस्थि संधिगत एवं न्यूरोजनित विकार आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया। यह शिविर संस्कार वैली स्कूल, रामगढ़ में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुखवंत सिंह विधायक रामगढ़, विशिष्ट अतिथि डॉ. पवन सिंह शेखावत, प्रदेश संयोजक आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान, मुरारी दहिया, निदेशक संस्कार वैली स्कूल, बृज मोहन पाठक जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान, हट्टी सिंह राजावत प्रभारी पतंजलि योग समिति तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संतोष चौधरी ने भगवान धनवंतरी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में मंच संचालन अजीत जैन ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुखवंत सिंह विधायक रामगढ़ ने कहा कि आयुर्वेद आज के समय की आवश्यकता बन गया है क्योंकि आयुर्वेद की स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर रोगोपचार में, रोगों के दुष्प्रभाव रहित स्थाई समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसके चलते आज देश दुनिया के लोग भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद एवं योग की ओर आकर्षित हो रहे हैं। शिविर में अतिथिगणों द्वारा 'आयुष्मान अलवर अभियान' के पोस्टर का विमोचन किया गया।

**आयुर्वेद को प्राथमिकता से अपना रहे देश दुनिया के लोग - डॉ. शेखावत**

डॉ. शेखावत ने अपने उद्बोधन में आयुष्मान अलवर अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तीन मुख्य उद्देश्य आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों के दुष्प्रभाव रहित स्थाई समाधान एवं दीर्घायु जीवन विचार को लेकर यह अभियान केंद्रित है। शिविर में डॉ.. पवन सिंह शेखावत द्वारा स्वस्थ दीर्घायु जीवन में आयुर्वेद की महत्ता विषय पर व्याख्यान दिया गया। संस्कार वैली स्कूल के निदेशक मुरारी दहिया ने कहा कि आयुर्वेद पसंद या नापसंद का विषय नहीं है, स्वस्थ दीर्घायु जीवन की चाह रखने वाले लोगों के लिए यह अनिवार्य विषय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पतंजलि योग समिति रामगढ़ के प्रभारी संतोष चौधरी ने कार्यक्रम के अतिथिगणों सहित शिविर आयोजन हेतु जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर एवं निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करने वाले डॉक्टर्स की टीम एवं अन्य साथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। शिविर संयोजक मुरारी दहिया ने बताया कि शिविर में अनुभवी वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन सिंह शेखावत, डॉ. विशन सैनी, डॉ मुकेश चंद प्रजापत, डॉ मुरारी लाल भारद्वाज एवं डॉ राजेंद्र नरूका ने 253 रोगियों की जांच कर चिकित्सा परामर्श सेवा प्रदान की। शिविर में जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर की ओर से निःशुल्क बी पी, शुगर एवं मोटापे की जांच कर निःशुल्क दवा तथा आयुर्वेद साहित्य का वितरण किया गया। शिविर में डॉ पवन सिंह शेखावत द्वारा विभिन्न प्रकार के जोड़ो एवं नसों के दर्द से पीड़ित रोगियों को विद्कर्म एवं अग्निकर्म चिकित्सा द्वारा तुरंत लाभान्वित किया गया। शिविर आयोजन में पतंजलि योग समिति रामगढ़ के सूर्य स्वरूप शर्मा, रामदयाल चौधरी, धर्मपाल भारद्वाज, रामकुमार यादव, वासुदेव तिवाड़ी, सज्जन सिंह यादव, रामवतार सिंघल, रमेश नगीना, कृष्ण कुमार, बाबूलाल प्रजापत, रामावतार शर्मा, वेद प्रकाश आर्य, अजीत जैन, बाबू लाल मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, धीरज मित्तल, छगन, शर्मा लैब एवं जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट के दीप चंद, हिम्मत सिंह नरूका, राजदीप शर्मा, मोरध्वज एवं हेमंत चौधरी का विशेष सहयोग के साथ मौजूद रहे।

# राजाखेड़ा में शिव मंदिर मूर्ति से चांदी के आभूषण चोरी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के राजाखेड़ा कस्बे में अज्ञात चोरों ने शिव मंदिर को निशाना बनाते हुए चांदी के तीन छत्र और भगवान शिव के गले में पहना चांदी का सर्प चुरा लिया। यह वारदात वार्ड नंबर 7 स्थित मंदिर में गुरुवार-शुक्रवार की रात को हुई। मंदिर के पुजारी जय पंडित श्री नारायण ने बताया कि अर्धरात्रि बाद स्थानीय लोगों से फोन पर सूचना मिली कि मंदिर परिसर से खटपट की आवाजें आ रही हैं। सूचना मिलते ही अन्य लोगों को बताकर रात डेढ़ से दो बजे के बीच मंदिर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे की कुंडी का लॉक टूटा हुआ मिला और ताला गायब था। मंदिर के अंदर जाकर देखा तो शिवजी के ऊपर जंजीर से बंधा एक चांदी का छत्र सहित दो अन्य छत्र गायब थे। साथ ही शिवजी के गले में पहना चांदी का सर्प भी चोर ले गए। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और मौका-मुआयना किया। पुजारी ने बताया कि चोरी की इस घटना से श्रद्धालुओं में काफी आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आरईसीएल एटक यूनियन की जिलाअध्यक्ष बनी सीमा राना




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान एक्सप्लोसिव एंड केमिकल लिमिटेड का चुनाव जयपुर प्रदेश कार्यकारणी के पदाधिकारी प्रदेश महासचिव कॉमरेड कुनाल रावत व प्रदेश सचिव धर्मवीर चौधरी व अन्य पदाधिकारी की सहमति से चुनाव सम्पन्न हुआ जिसके बाद सभी ने सीमा राना को जिलाअध्यक्ष व कार्यकारणी अध्यक्ष विमलेश, उपाध्यक्ष रामगोविन्द, महामंत्री रामकिशन चाहर, सहमंत्री महेश डागौर, संगठन मंत्री कपिल राना, कोषाध्यक्ष उदय सिंह, मनोरमा, अनिल शर्मा को चुना गया ममता, लीला, उमा, भावना, भूरी, अनीता बाथम आदि मौजूद रहे।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** 33, 11 केवी सब-स्टेशन कलेक्ट्रेट से निकलने वाले 11 केवी आरएसी, शास्त्रीनगर व मित्तल कॉलोनी फीडर पर मरम्मत व रखरखाव होने के कारण 27 दिसम्बर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता एचटीएम जयपुर डिस्कॉम धौलपुर सुमन कुमारी ने बताया कि एसपी निवास, पंचायत समिति, उमादत्त विद्यालय, उमा नगर, शिव नगर, पोखरा कॉलोनी, उर्मिला बिहार, शास्त्रीनगर, गोऊशाला, महाराणा प्रताप नगर, शारदे विद्यालय, आरएसी लाइन, सन्तर रोड़, कलक्टर निवास, कायस्थ पाड़ा, धूलकोट, नारायण कॉलोनी, मित्तल कॉलोनी एवं मंगल होटल इत्यादि क्षेत्रों की 27 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता 132 केवी जीएसएस बसेड़ी ने बताया कि 27 दिसम्बर को 132 केवी जीएसएस बसेड़ी पर 33 केवी बसेड़ी एवं बाड़ी फिडर पर रख-रखाव होने के कारण 132 केवी जीएसएस बसेड़ी से निकलने वाले 33 केवी बसेड़ी की प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक तथा 33 केवी बाड़ी फिडर की दोपहर 12 बजे से 2 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# अरावली बचाने को लेकर कांग्रेस आज राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को देगी ज्ञापन : टीकाराम जूली




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने जोर देकर कहा है कि अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिए हम सबको एकजुट होना पड़ेगा क्योंकि यह पर्वतमाला हम सब की लाइफ लाइन है और इससे हमारा जीवन जल और पर्यावरण सीधा जुड़ा हुआ है इसलिए यह राजनीति का विषय नहीं है बल्कि यह इंसान और वन्य जीवों के जीवन को बचाने का विषय है जूली ने कहा कि यह मामला सिर्फ राजस्थान से ही जुदा नहीं है बल्कि दिल्ली गुजरात हरियाणा राज्य से भी सीधा जुड़ा हुआ है इसलिए कांग्रेस पार्टी पुरजोर तरीके से अरावली बचाओ अभियान को गति दे रही है इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है उन्होंने कहा कि आज दोपहर 2:00 बजे अलवर में कटी घाटी से मिनी सचिवालय तक कांग्रेस पार्टी की ओर से अरावली बचाओ अभियान के तहत पैदल मार्च निकाला जाएगा इस पैदल मार्च में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, अलवर के पूर्व सांसद भवन जितेंद्र सिंह, कांग्रेस पार्टी के सीनियर केंद्रीय नेता पवन खेड़ा, सचिन पायलट और पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे । इस पैदल मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों के अलावा पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग भी शामिल होंगे जूली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के स्पेशल मार्च के बाद जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम अरावली पर्वतमाला बचाने के संदर्भ में ज्ञापन भी प्रेषित किया जाएगा आज अलवर में होने वाले कांग्रेस पार्टी के पैदल मार्च को ऐतिहासिक बनाने के लिए टीकाराम जूली ने बाकायदा सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करके ज्यादा से ज्यादा लोगों के इसमें शामिल होने के लिए कहा है उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार के इस तानाशाह निर्णय से अरावली पर्वतमाला 90 प्रतिशत समाप्त हो जाएगी जिसकी वजह से राजस्थान जो पहले से ही मरुस्थल के नाम से जाना जाता है और बंजर और मरुस्थल बन जाएगा जूली ने कहा कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार ने एक तरह से अरावली पर्वतमाला को बजरी माफिया को सुपुर्द कर दिया है लेकिन कांग्रेस पार्टी अपना यह विरोध जारी रखेगी।

# अरावली बचाओ को लेकर एनएसयूआई का जयपुर में पैदल मार्च, सचिन पायलट भी हुए शामिल

## नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने जालूपुरा में अपने आवास के सामने मंच स्थापित नहीं होने दिया




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एनएसयूआई की ओर से शुक्रवार को जयपुर में अरावली बचाओ अभियान के संदर्भ में एक विशाल पैदल मार्च निकल गया इस पैदल मार्च में प्रदेश भर से आए एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के अलावा पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण में कार्य कर रहे विभिन्न संगठन से जुड़े लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दिखाई इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के नेता सचिन पायलट भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए बड़ी बात यह रही की इस पैदल मार्च में कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता और एनएसवी के कार्यकर्ता सचिन पायलट की फोटो और अरावली पर्वतमाला सेंट्रल संबंधी अंकित टी-शर्ट पहने हुए थे इसलिए लोगों में चर्चा होती रही कि यह अरावली बचाओ अभियान है या सचिन पायलट का शक्ति परीक्षण फिलहाल इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ की अगुवाई में किया गया था और विनोद जाखड़ सचिन पायलट के काफी नजदीकी नेता माने जाते हैं इस कार्यक्रम में चाकसू विधानसभा क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए कार्यक्रम में उस समय विवाद की स्थिति बन गई जब जालूपुरा में इस कार्यक्रम के लिए नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के सरकारी आवास के सामने मंच बनाया जा रहा था तो बेनीवाल ने अपने आवास के सामने मंच स्थापित करने से एतराज आज जताया जिसके बाद बेनीवाल के सरकारी आवास से करीब 200मीटर दूर एनएसयूआई की ओर से मंच स्थापित किया गया एनएसयूआई का यह पैदल मार्च जालूपुरा से कलेक्ट्री सर्किल तक पहुंच इस पैदल मार्च में शामिल युवाओं के हाथों में बैनर पोस्टर थे जिन पर अरावली बचाओ, पर्यावरण बचाओ ,जीवन बचाओ जैसे नारे लिखे हुए थे इसके अलावा पैदल मार्च में शामिल लोग नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे इस मौके पर सचिन पायलट ने अपने भाषण में कहा कि अरावली बचाओ अभियान वर्तमान में समय की जरूरत है और अगर अरावली पर्वतमाला को नहीं बचाया गया तो आने वाले समय में गंभीर चुनौतियां और गंभीर परेशानी मानव प्रजाति के सामने खड़ी हो जाएगी उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी को एकजुट होकर खुलकर विरोध करना चाहिए पायलट ने कहा कि यह मुद्दा राजनीति का मुद्दा नहीं है बल्कि यह जीवन बचाने ,पानी बचाने, पर्यावरण बचाने, का मुद्दा है इसलिए इस मुद्दे पर सभी को एक साथ होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है उन्होंने कहा कि एनएसयूआई की ओर से आयोजित किया गया यह पैदल मार्च निश्चित रूप से अरावली बचाओ अभियान के लिए शुरू किए गए आंदोलन को मजबूती देगा कार्यक्रम में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार दोनों अरावली पर्वतमाला को खनन माफिया के के हाथों में देना चाहते हैं लेकिन एनएसयूआई दमदार तरीके से भाजपा सरकार की इस नीति का विरोध करेगी और जब तक अरावली पर्वतमाला में खनन पर पूरी पाबंदी नहीं लगा दी जाती तब तक एनएसयूआई सड़कों पर लगातार अपना आंदोलन करती रहेगी उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी की ओर से पिछले कुछ दिनों से लगातार अरावली बचाओ अभियान को लेकर पूरे प्रदेश भर में धरने प्रदर्शन रैली इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है इसके अलावा प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से भी कांग्रेस पार्टी के नेता केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार पर जमकर हमला बोल रहे हैं हालांकि भारतीय जनता पार्टी के नेता साफ कह रहे हैं कि केंद्र सरकार ने स्पष्ट तौर पर कह दिया है कि अरावली पर्वतमाला में खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी बेवजह इसको मुद्दा बना रही है और लोगों में भ्रम पैदा कर रही है इस बीच कांग्रेस पार्टी की ओर से आज पूरे प्रदेश भर में जिला स्तर पर अरावली बचाओ अभियान को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा कांग्रेस पार्टी ने अरावली बचाओ अभियान और केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा का नाम और कई तरह के परिवर्तन करने के विरोध में आंदोलन की विस्तृत कार्य योजना बना ली है इसी कार्य योजना के तहत आज 27 दिसंबर को प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी की ओर से प्रदर्शन किए जाएंगे इसके अलावा 30 और 31 दिसंबर को ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदर्शन किए जाएंगे क्योंकि मनरेगा योजना सीधा गांव से जुड़ी हुई है इसलिए ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी प्रदर्शन करके केंद्र के मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करने के प्रयास में है 28 दिसंबर को भी मंडल और ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदर्शन किए जाने की बात कही जा रही है आज 27 दिसंबर को अलवर में एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गोविंद सिंह डोटासरा टीकाराम जूली सचिन पायलट अशोक गहलोत भंवर जितेंद्र सिंह जैसे कई बड़े नेताओं के शामिल होने की बात कही जा रही है कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं को बाकायदा इस पैदल मार्च के लिए आमंत्रण भेजा गया है कहा जा रहा है कि अलवर में आज कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित की कर ही इस रैली में अलवर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दिखा सकते हैं क्योंकि प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली इस मामले को लेकर रोजाना सोशल मीडिया प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से केंद्रीय मंत्री और अलवर सांसद भूपेंद्र यादव पर जबरदस्त तरीके से हमला बोल रहे हैं और जूली ने यादव से कई तरह के बड़े सवाल भी पूछे हैं कुल मिलाकर अरावली मुद्दे को कांग्रेस पार्टी ने अब अपना एक बड़ा हथियार बना लिया है ।

# विधायक रविंद्र सिंह भाटी का नाम लेकर ठेकेदार ने ग्रामीणों को धमकाया

## भाटी ने ग्रामीणों से मांगी माफी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बाड़मेर किसी विधानसभा क्षेत्र में माती का गोल गांव में घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण और ठेकेदार के बीच आपस में कहा सुनी और विवाद की स्थिति पैदा हो गई ठेकेदार ने ग्रामीणों को धमकाते हुए कहा कि यह सड़क उनके भाई विधायक भाटी की है जिस पर ग्रामीणों ने ठेकेदार से कहा कि विधायक तो उन्हें हमने बनाया है जिस पर ठेकेदार ने ग्रामीणों की खिल्ली उड़ाते हुए कहा कि कितने वोट हैं और भी कई तरह की बातें ठेकेदार ने ग्रामीणों से कहीं इस आशय का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जब यह मामला शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी तक पहुंचा तो उन्होंने बाकायदा ग्रामीणों से माफी मांगी है और कहा कि अगर कहीं पर गठिया निर्माण हुआ है तो इस पर आपत्ति जताना ग्रामीणों का अधिकार है इस मामले में मेरा भी नाम जुड़ा हुआ है इसलिए यह मेरा भी फर्ज बनता है कि मैं ग्रामीणों से इस पूरे मामले के लिए माफी मांगू जानकारी के अनुसार माती का गोल में बनाई गई सड़क सुरक्षा के लिहाज से ठीक नहीं थी सड़क की दशा बता रही थी कि सड़क में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया इसीलिए सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार के समक्ष ग्रामीण इस सड़क को घटिया सड़क बात कर इसका विरोध कर रहे थे जिसकी वजह से ठेकेदार गुस्से में हो गया और उसने स्थानीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी का नाम लेकर ग्रामीणों से ही वाद विवाद करने लग गया इस दौरान ग्रामीणों ने चुपके से इस पूरे मामले का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया इसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो गया इसलिए जैसे ही यह वीडियो से विधायक भाटी के पास पहुंचा उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत ग्रामीणों से खुद माफी मांगी उल्लेखनीय है कि अभी राजस्थान के तीन विधायकों पर विधायक निधि फंड में कथित कमीशन के आरोप लगे थे जिनकी जांच जारी है एक तरफ जहां राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर विधानसभा की सदाचार कमेटी इस मामले की जांच कर रही है तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर भी इस पूरे मामले की जांच वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से की जा रही है इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के नागौर जिले की खींवसर विधायक रेवंत राम कांग्रेस विधायक अनीता जाटव और बयान विधायक रीत यू पर विधायक निधि फंड में कमीशन लेने के आरोप लगे हैं इसलिए आजकल राजस्थान विधानसभा के सभी विधायक अपने विधायक निधि फंड के तहत होने वाले विकास कार्यों को लेकर काफी सजग और गंभीर हैं अब जिस तरह से शिव विधानसभा क्षेत्र में ठेकेदार की ओर से ग्रामीणों को ही धमकाया गया तो जाहिर तौर पर स्थानीय विधायक रविंद्र भाटी जो एक सफेद और लोकप्रिय राजनेता है उन्होंने तुरंत ग्रामीणों से माफी मांगने में देरी नहीं की वैसे भी भाटी काफी लोकप्रिय नेता है जमीन से जुड़े नेता हैं युवा हैं लेकिन बड़ों का काफी सम्मान करते हैं इसलिए उन्होंने तुरंत ग्रामीणों से इस पूरे मामले के लिए माफी मांगी और यह भी कहा कि अगर घटिया निर्माण हुआ है तो इसका विरोध करना ग्रामीणों का अधिकार है ।

# ख्वाजा साहब की दरगाह में जुम्मे की नमाज के बाद भगदड़ मची

## पुलिस ने भगदड़ में जमीन पर गिरे लोगों को बचाया

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग ने दरगाह पर चादर चढ़ाई



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अजमेर में विश्व विख्यात ख्वाजा साहब की दरगाह पर उर्स का शुभारंभ हो चुका है देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग यहां दरगाह पर आकर अपनी उपस्थिति दिखा रहे हैं शुक्रवार को जुम्मे की नमाज पर दरगाह परिसर में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज पढ़ने के लिए एकत्रित हुए थे नमाज पढ़ने के बाद जैसे ही मुस्लिम समाज के लोग दरगाह परिसर से बाहर निकलने लगे वैसे ही कुछ देर के लिए वहां भगदड़ मच गई और नमाज पढ़ने वाले लोग इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिए इस दौरान कुछ लोग जमीन पर गिर गए जिनके ऊपर से कई लोग गुजरने लगे ऐसे में वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने सजगता दिखाते हुए जमीन पर गिरे लोगों को बचाया और बड़ी मुश्किल से भीड़ में फंसे जमीन पर गिरे आधा दर्जन लोगों को बाहर निकाल हालांकि पुलिस ने दरगाह कमेटी के साथ मिलकर सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए हुए हैं लेकिन शुक्रवार को जुम्मे की नमाज की वजह से वहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नमाज पढ़ने के लिए जमा हुएथे भगदड़ कैसे मची इस बात का खबर लिखे जाने तक पता नहीं चल पाया लेकिन इस मामले में अगर पुलिस सजक और गंभीर नहीं होती तो शुक्रवार को यहां बड़ा हादसा हो सकता था पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है पुलिस पता लग रही है कि कहीं किसी ने जानबूझकर उपद्रव मचाने की नीयत से तो यहां यह हालात पैदा नहीं किए थे इस मामले में दरगाह कमेटी प्रशासन और पुलिस दोनों मिलकर इस पूरे मामले को गंभीरता से देख रहे हैं इसके अलावा शुक्रवार को जिस तरह से यहां भगदड़ मची है उसको देखते हुए पुलिस और प्रशासन अब यहां सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध करने के बारे में भी गंभीरता से सोच रही है शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन से जुड़े लोगों की ओर से ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई और मुख्यमंत्री का संदेश भी पढ़ा गया मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेश में अमन चैन शांतिऔर भाईचारा बना रहे इसके लिए प्रदेश में सभी को आपस में प्यार मोहब्बत और भाईचारे से रहने की अपील की है और प्रदेश की तरक्की और खुशहाली की कामना की है उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से भी यहां ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई है इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विजय लाल शर्मा की ओरसे इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से भी यहां चादर चढ़ाई गई ।

चोमू में रात के अंधेरे में बवाल :

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह और गोविंद सिंह डोटासरा आमने-सामने

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** चोमू में गुरुवार की आधी रात के बाद चोमू बस स्टैंड पर मस्जिद के सामने अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस पर पत्थर बाजों की ओर से किए गए पतराव की घटना को लेकर प्रदेश की भजनलाल सरकार भी काफी गंभीर और सजग है इस मामले में प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने कहा है कि प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी चोमू में भी पुलिस कानून के मुताबिक अतिकमान हटवाने गई थी लेकिन वहां पर पुलिस पर ही पथराव किए गए जिसमें कई पुलिस वाले घायल हुए हैं यह एक तरीके से माहौल खराब करने की कोशिश की गई पुलिस ने इस मामले में अब तक 110 लोगों को गिरफ्तार किया है गृह राज्य मंत्री ने कहा कि पुलिस हम सब की सुरक्षा में है लेकिन पुलिस पर ही हमला करना यह बता रहा है कि कहीं ना कहीं चोमू में जो यह घटना हुई है यह किसी साजिश का परिणाम है पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है गृह राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि बैरिकेट्स लगाने का अधिकार सिर्फ पुलिस को है पुलिस खुद रास्ते को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेट्स लगाती है यह किसी और का अधिकार नहीं है उन्होंने कहा कि चोमू के प्रकरण में पुलिस ने कानून और नियमों के अनुसार कार्य किया है और दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी इस मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि इस मामले पर राजनीति करना अच्छी बात नहीं है इस मामले को बातचीत के माध्यम से सौहार्दपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए जानकार लोगों का कहना है कि मामले को राजनीतिक मुद्दा किसी भी पार्टी को नहीं बनना चाहिए क्योंकि राजस्थान शांत प्रदेश है यह पूरा मामला कोर्ट में विचाराधीन है कोर्ट और जिला प्रशासन के दिशा निर्देश के माध्यम से ही इस पूरे मामले को सुलझाना चाहिए नियम और कानून के हिसाब से जो भी निर्णय होता है उस निर्णय को सभी को मनाना भी चाहिए प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना सब की सामूहिक जिम्मेदारी है इसलिए राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर अपनी जुबान बंद रखनी चाहिए और इस पूरे मामले को न्यायालय प्रशासन और पुलिस के भरोसे छोड़ देना चाहिए ।





# संरक्षित रेल संचालन के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन

## महाप्रबंधक अमिताभ ने संरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए की कार्यो की समीक्षा




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी विभागाध्यक्ष चारों मंडलो के मंडल रेल प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारीगण सम्मलित हुए। बैठक में संरक्षा कार्य निष्पादन निर्माण कार्य, पूंजीगत आय रेलवे ट्रैक की फेंसिंग समपार फाटक को बंद करने यात्री सुविधाएं तथा आय बढ़ाने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस वित्त वर्ष में अब तक उत्तर पश्चिम रेलवे का कार्य निष्पादन उत्कृष्ट रहा है और सामंजस्य और समन्वय के साथ कार्य कर सभी कार्यों को लक्ष्यानुसार करने पर ध्यान देना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करना है। अमिताभ ने संरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए सतर्कता और सजगता से कार्य करने पर बल दिया एवं सर्दियों के मौसम में रेल संचालन पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की बात कही। अमिताभ ने सभी विभागाध्यक्षों को कोहरे एवं सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता के साथ कार्य करने तथा नियमित निरीक्षण करने और सर्दियों के दौरान संरक्षित रेल संचालन के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों की समय समय पर काउंसलिंग कर संरक्षा अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ द्वारा रेल संरक्षा के लिए सजगतापूर्ण एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों में जयपुर मंडल के राजेन्द्र प्रसाद मीणा, ट्रैकमेंटेनर -बावल हनुमान लाल जाट ट्रैक मेंटेनर - हिरनोदा एवं लाखन बैरवा कांटेवाला - बनियाना को पुरस्कृत किया गया । अमिताभ ने स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की भी समीक्षा की और कार्य योजना के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधको ने मण्डलों की प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान की तथा प्रगति पर चल रहे कार्यों के बारे में अवगत करवाया। इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के कार्यों जैसे नई लाइनों के निर्माण दोहरीकरण विद्युतीकरण के साथ-साथ स्टेशनों के पुनर्विकास यात्री सुविधाओं से जुडे कार्यों और संरक्षा के प्रमुख मदों रोड ओवर ब्रिज रोड अंडर ब्रिज सिगनल कार्यों पर प्रमुखता के साथ चर्चा की गई। बैठक में संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सेफ्टी फेंसिंग के प्रगति समपार फाटक को बंद करने व अप्रोच रोड को सुधारने पर चर्चा की गई। बैठक में यातायात सुविधाओं में विस्तार के लिए नये मेगा टर्मिनल कोचिंग टर्मिनल पिट लाइन प्लेटफॉर्म से सम्बंधित कार्यों के लिए डीपीआर और मास्टर प्लान पर भी चर्चा की गई।

## कहानी

# बन्दर और लकड़ी का खूंटा

एक समय शहर से कुछ ही दूरी पर एक मंदिर का निर्माण किया जा रहा था। मंदिर में लकड़ी का काम बहुत था इसलिए लकड़ी चीरने वाले बहुत से मज़दूर काम पर लगे हुए थे। यहां-वहां लकड़ी के लठ्टे पडे हुए थे और लठ्टे व शहतीर चीरने का काम चल रहा था। सारे मज़दूरों को दोपहर का भोजन करने के लिए शहर जाना पड़ता था, इसलिए दोपहर के समय एक घंटे तक वहां कोई नहीं होता था। एक दिन खाने का समय हुआ तो सारे मज़दूर काम छोड़कर चल दिए। एक लठ्टा आधा चिरा रह गया था। आधे चिरे लठ्टे में मज़दूर लकड़ी का कीला फंसाकर चले गए। ऐसा करने से दोबारा आरी घुसाने में आसानी रहती है। तभी वहां बंदरों का एक दल उछलता-कूदता आया। उनमें एक शरारती बंदर भी था, जो बिना मतलब चीजों से छेड़छाड़ करता रहता था। पंगे लेना उसकी आदत थी। बंदरों के सरदार ने सबको वहां पड़ी चीजों से छेड़छाड़ न करने का आदेश दिया। सारे बंदर पेड़ों की ओर चल दिए, पर वह शैतान बंदर सबकी नजर बचाकर पीछे रह गया और लगा अड़ंगेबाजी करने। उसकी नजर अधचिरे लठ्टे पर पड़ी। बस, वह उसी पर पिल पड़ा और बीच में अड़ाए गए कीले को देखने लगा। फिर उसने पास पड़ी आरी को देखा। उसे उठाकर लकड़ी पर रगड़ने लगा। उससे किर्रर-किर्रर की आवाज़ निकलने लगी तो उसने गुस्से से आरी पटक दी। उन बंदरो की भाषा में किर्रर-किर्रर का अर्थ 'निखट्टू' था। वह दोबारा लठ्टे के बीच फंसे कीले को देखने लगा। उसके दिमाग में कौतुहल होने लगा कि इस कीले को लठ्टे के बीच में से निकाल दिया जाए तो क्या होगा? अब वह कीले को पकड़कर उसे बाहर निकालने के लिए ज़ोर आजमाईश करने लगा। लठ्टे के बीच फंसाया गया कीला तो दो पाटों के बीच बहुत मज़बूती से जकड़ा गया होता हैं, क्योंकि लठ्टे के दो पाट बहुत मज़बूत स्प्रिंग वाले क्लिप की तरह उसे दबाए रहते हैं। बंदर खूब ज़ोर लगाकर उसे हिलाने की कोशिश करने लगा। कीला जोर लगाने पर हिलने व खिसकने लगा तो बंदर अपनी शक्ति पर खुश हो गया। वह और ज़ोर से खौं-खौं करता कीला सरकाने लगा। इस धींगामुश्ती के बीच बंदर की पूंछ दो पाटों के बीच आ गई थी, जिसका उसे पता ही नहीं लगा। उसने उत्साहित होकर एक जोरदार झटका मारा और जैसे ही कीला बाहर खिंचा, लठ्टे के दो चिरे भाग फटाक से क्लिप की तरह जुड़ गए और बीच में फंस गई बंदर की पूंछ। बंदर चिल्ला उठा। तभी मज़दूर वहां लौटे। उन्हें देखते ही बंदर ने भागने के लिए ज़ोर लगाया तो उसकी पूंछ टूट गई। वह चीखता हुआ टूटी पूंछ लेकर भागा।

कहानी सुनाकर करटक बोला, 'इसीलिए कहता हूँ कि जिस काम से कोई अर्थ न सिद्ध होता हो, उसे नहीं करना चाहिए। व्यर्थ का काम करने से जान भी जा सकती है। अरे, अब भी पिंगलक जो शिकार करके लाता है, उससे हमें भरपेट भोजन तो मिल ही जाता है। तब बेकार ही झंझट में पड़ने से क्या फायदा! '

दमनक बोला, 'तो तुम क्या केवल भोजन के लिए ही जीते हो? यह तो ठीक नहीं। अपना पेट कौन नहीं भर लेता! जीना तो उसका ही उचित है, जिसके जीने से और भी अनेक लोगों का जीवन चलता हो। दूसरी बात यह कि शक्ति होते हुए भी जो उसका उपयोग नहीं करता और उसे यों ही नष्ट होने देता है, उसे भी अंत में अपमानित होना पड़ता है! ' करटक ने कहा, 'लेकिन हम दोनों तो ऐसे भी मंत्रीपद से च्युत हैं। फिर राजा के बारे में यह सब जानने की चेष्टा करने से क्या लाभ? ऐसी हालत में तो राजा से कुछ कहना भी अपनी हँसी उड़वाना ही होगा। व्यक्ति को अपनी वाणी का उपयोग भी वहीं करना चाहिए, जहाँ उसके प्रयोग से किसीका कुछ लाभ हो! '

'भाई, तुम ठीक नहीं समझते। राजा से दूर रहकर तो रही-सही इज्जत भी गँवा देंगे हम। जो राजा के समीप रहता है, उसीपर राजा की निगाह भी रहती है और राजा के पास होने से ही व्यक्ति असाधारण हो जाता है।'' करटक ने पूछा, 'तुम आखिर करना क्या चाहते हो? ' 'हमारा स्वामी पिंगलक आज भयभीत है।'' दमनक बोला, 'उसके सारे सहचर भी डरे-डरे-से हैं। मैं उनके भय का कारण जानना चाहता हूँ। '

'तुम्हें कैसे पता कि वे डरे हुए हैं?''

# बुनियादी बदलाव से बचती कांग्रेस

*राहुल विपक्ष के नेताओं से तारतम्य बनाने में असफल रहे हैं। सरकार से संवाद करना उनके लिए असहज है। संसद के अंदर भी उनका सख्त चेहरा ही दिखता है। पार्टी में संवाद की स्थिति क्या है, यह बार-बार पार्टी नेताओं की ओर से ही सोनिया गांधी को लिखी जा रही चिट्ठी से स्पष्ट हो जाता है। ऐसे में प्रियंका की तस्वीरों ने चर्चा को छेड़ दिया है तो यह असामान्य नहीं है। दूसरी तरफ भाजपा के नेता प्रधानमंत्री मोदी हैं, जो हर किसी से संवाद में माहिर हैं। विपक्ष के नेताओं के साथ उनके उन्मुक्त संवाद को देखा जा सकता है। वे उन मुद्दों को छूते हैं, जो जनता को स्पर्श करें। चुनाव के वक्त पार्टी के साथ खड़े होते हैं और जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेते हैं। उनकी ओर से दिखाए जाने वाले इतिहास के कुछ पन्नों से कांग्रेस परेशान जरूर होती है, पर बतौर प्रधानमंत्री उनकी यह जिम्मेदारी भी तो है कि युवाओं को इतिहास याद दिलाएं। सकारात्मक सोचने की अपील करें।*

*जब संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ था तो लगा था कि कांग्रेस समय और लोगों की अपेक्षा के अनुसार बदलने को तैयार होने लगी है। बहुत लंबे अरसे के बाद ऐसा हुआ कि दो दिन के शोर-शराबे के बाद विपक्ष भी चर्चा करने और कार्यवाही को सुचारु करने के लिए राजी हो गया। यह सुखद अहसास था, लेकिन मानसिक रूप से बदलाव नहीं हुआ। चुनाव सुधार पर चर्चा हुई तो सार्थक सुझाव दिए जाने चाहिए थे।*



अभी हाल में दो तस्वीरें आईं, जो काफी चर्चा में रहीं। एक में कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत पक्ष-विपक्ष के कई नेताओं के साथ मुस्कुराते हुए चाय की चुस्की ले रही हैं। दूसरी तस्वीर उसके एक दिन पहले आई, जिसमें प्रियंका सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ हिमाचल की सड़कों को लेकर और केरल में अपनी प्राथमिकताओं पर चर्चा कर रही हैं। वैसे तो संसदीय परंपरा में ये सामान्य घटनाएं हैं, लेकिन इसका संदेश गूंजता है। विपक्ष सलाह दे सकता है, शक्ति हो तो दबाव बना सकता है, लेकिन सरकार को अस्वीकार नहीं कर सकता, जिसकी कोशिश खासतौर से मुख्य विपक्ष की ओर से होती रही है।

इससे शायद ही कोई इन्कार करे कि एक मोड़ पर जाकर नेतृत्व ही अहम हो जाता है। वही पार्टी की दिशाएं तय करने लगता है, उसकी विश्वसनीयता और अविश्वसनीयता से पार्टी की पहचान होने लगती है। वही पार्टी को हराता और जिताता है और भविष्य तय करने लगता है। वर्ष 2025 इस सवाल का बार-बार जवाब देते दिखा। इस वर्ष दो अहम चुनाव हुए। एक देश की राजधानी दिल्ली में और दूसरा हमेशा से राजनीति का अखाड़ा बने रहे बिहार में। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी नेता विपक्ष तो बने ही, पार्टी के अंदर भी उन्होंने प्रभावी नेता के रूप में खुद को स्थापित कर लिया। इन दोनों राज्यों में चुनाव के बाद फिर से स्पष्ट हो गया कि खुद को अपग्रेड करने की उनकी क्षमता कहीं न कहीं लुप्त है। वे कांग्रेस नेता से खुद को नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपग्रेड नहीं कर सके। कारण है संवाद की कमी, जिद और अकड़।

राहुल विपक्ष के नेताओं से तारतम्य बनाने में असफल रहे हैं। सरकार से संवाद करना उनके लिए असहज है। संसद के अंदर भी उनका सख्त चेहरा ही दिखता है। पार्टी में संवाद की स्थिति क्या है, यह बार-बार पार्टी नेताओं की ओर से ही सोनिया गांधी को लिखी जा रही चिट्ठी से स्पष्ट हो जाता है। ऐसे में प्रियंका की तस्वीरों ने चर्चा को छेड़ दिया है तो यह असामान्य नहीं है। दूसरी तरफ भाजपा के नेता प्रधानमंत्री मोदी हैं, जो हर किसी से संवाद में माहिर हैं। विपक्ष के नेताओं के साथ उनके उन्मुक्त संवाद को देखा जा सकता है। वे उन मुद्दों को छूते हैं, जो जनता को स्पर्श करें। चुनाव के वक्त पार्टी के साथ खड़े होते हैं और जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेते हैं। उनकी ओर से दिखाए जाने वाले इतिहास के कुछ पन्नों से कांग्रेस परेशान जरूर होती है, पर बतौर प्रधानमंत्री उनकी यह जिम्मेदारी भी तो है कि युवाओं को इतिहास याद दिलाएं। सकारात्मक सोचने की अपील करें।

जब संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ था तो लगा था कि कांग्रेस समय और लोगों की अपेक्षा के अनुसार बदलने को तैयार होने लगी है। बहुत लंबे अरसे के बाद ऐसा हुआ कि दो दिन के शोर-शराबे के बाद विपक्ष भी चर्चा करने और कार्यवाही को सुचारु करने के लिए राजी हो गया। यह सुखद अहसास था, लेकिन मानसिक रूप से बदलाव नहीं हुआ। चुनाव सुधार पर चर्चा हुई तो सार्थक सुझाव दिए जाने चाहिए थे। बजाय इसके चुनाव आयोग के अधिकार को छीनने की मांग ही होती रही। संविधान भी कहता है और सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि एसआइआर कराना चुनाव आयोग का अधिकार है, लेकिन विपक्ष चाहता है कि यह हो ही नहीं। जो सवाल किए गए, उसमें चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कमेटी की बात भी आई। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ही सरकार ने एक नियम तय किए, जो सरकार का अधिकार है।

सरकार के अधिकार को नकारने का क्या अर्थ? युवाओं को तर्क से समझाना होता है, इतिहास से उदाहरण बताना होता है। तभी वे जुड़ते हैं। युवाओं को तो यही समझ आया कि पहले नेता विपक्ष भी कमेटी में नहीं होते थे। अब मोदी सरकार ने लोकसभा के नेता विपक्ष को शामिल कर दिया। यह नियम किसी भी सरकार पर लागू होगा। ऐसे में राहुल गांधी को अपनी छवि बड़ी बनानी थी। उन्हें राजनीति में अपराधीकरण रोकने की बात करनी चाहिए थी, एक ही स्थान से चुनाव लड़ने के लिए कानून बनाए जाने का सुझाव देना चाहिए था। एसआइआर पर तो अब चुनाव आयोग ने चुनौती दे दी है और कहा कि कुछ राज्यों में एसआइआर के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की है। उसे देख लीजिए और कोई आपत्ति हो तो बताइए। संसद सत्र के दौरान ही सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर भी बैठक हुई और नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति जताते हुए सारे नाम खारिज कर दिए कि उसमें सामाजिक न्याय का ख्याल नहीं रखा गया, पर जब सूची आई तो उसमें आठ में पांच नाम वंचित वर्ग से थे। ऐसी फिसलनों से विश्वसनीयता का संकट खड़ा होता है। हाल में एसआइआर को लेकर कांग्रेस की एक बैठक हुई। उसमें चिंता जताई गई कि कांग्रेस के पास बूथ लेवल एजेंट बहुत कम हैं। देश पर छह दशक तक राज करने वाली पार्टी के पास बीएलए न हों तो दोष नेतृत्व का माना जाएगा। पश्चिम बंगाल चुनाव आने वाला है और बताते हैं कि तृणमूल के एक नेता ने किसी से कहा कि कांग्रेस की ओर से अगर गठबंधन की बात होगी तो उनसे स्पष्ट कहा जाएगा कि सहयोग कीजिए। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर भी चर्चा हुई। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश के अंदर जो भाव था वंदे मातरम् उसकी अभिव्यक्ति थी। इसमें कोई शक नहीं कि पिछले 11 वर्षों में देश में राष्ट्रवाद की भावना ज्यादा बुलंद हुई है, लेकिन राहुल गांधी को शायद उस चर्चा में रुचि नहीं थी।

## सम्पादकीय


# इंसाफ केवल होना नहीं, दिखना भी चाहिए



एक ओर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम नहीं लग पाना आज भी एक बड़ी चुनौती है, वहीं कानूनी नुक्तों का फायदा उठा कर बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के दोषी को भी कई बार रियायत दे दी जाती है। संभव है कि कानून की किसी व्याख्या के मुताबिक, अदालत में बलात्कार के दोषी सिद्ध हुए व्यक्ति को जमानत का पात्र समझा जाए, लेकिन इससे पीड़ित महिला के लिए न्याय सुनिश्चित किए जाने की प्रक्रिया गंभीर रूप से बाधित होती है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में वर्ष 2019 में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा हुई थी। अदालत ने भारतीय दंड संहिता के तहत बलात्कार के मामले और बच्चे-बच्चियों के यौन शोषण से सुरक्षा के कानून 'पाक्सो' में गंभीर यौन हिंसा के प्रावधानों के मुताबिक सजा दी थी। तब यह घटना देश भर में व्यापक चिंता और आक्रोश का कारण बनी थी। मगर अब दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर की सजा को निलंबित करने का आदेश दे दिया। इस संदर्भ में एक अहम तथ्य यह है कि दोषी सिद्ध होने के बाद निचली अदालत ने साफ कहा था कि सेंगर को जीवन भर जेल में रहना होगा। जाहिर है, अपराध की गंभीरता और प्रकृति के मद्देनजर निचली अदालत में सेंगर को मिली सजा को कानून के मुताबिक माना जा रहा था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने जिस आधार पर उस सजा को निलंबित करने का आदेश दिया, वह स्वाभाविक ही विवादों के घेरे में आ गया। अब सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। दरअसल, इस घटना के बाद पीड़िता को जिन हालात का सामना करना पड़ा और उसके जीवन तक पर जिस तरह के जोखिम खड़े हुए थे, वे बेहद अप्रत्याशित थे, मगर उससे साफ था कि जघन्य अपराधों के बाद एक ऊंचे राजनीतिक रसूख वाला आरोपी पीड़िता को खामोश करने के लिए किस हद तक जा सकता है। इस दौरान पीड़िता के पिता की जान चली गई; एक ट्रक ने उस कार को टक्कर मार दी, जिसमें वह परिवार के अन्य लोगों के साथ जा रही थी। उस घटना में पीड़िता और उसका वकील बुरी तरह घायल हो गए, जबकि उसकी दो मौसियों की मौत हो गई। समझा जा सकता है कि इस पूरे मामले में पीड़िता को किस तरह के हालात का सामना करना पड़ा। अक्सर समूचे देश में महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों पर काबू पाने, खासकर बलात्कार के दोषियों के प्रति बेहद सख्त रुख अख्तियार करने और यहां तक कि फांसी की सजा की मांग की जाती है। मगर जब किसी रसूख वाले अपराधी की सजा को लेकर रियायत बरतने की खबर आती है, तब यह समझना मुश्किल हो जाता है कि आखिर कानून के काम करने के पैमाने क्या हैं!

# अटल जी का अनुकरणीय सांसद-धर्म

*उनके शासनकाल में प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी 8.4 प्रतिशत से ऊपर बनी रही, मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे रही और विदेशी मुद्रा भंडार भी संतोषजनक स्थिति में था। इस सुदृढ़ आर्थिक स्थिति का लाभ यूपीए-1 सरकार को मिला। शिक्षा के क्षेत्र में वाजपेयी का योगदान सर्व शिक्षा अभियान के रूप में मील का पत्थर साबित हुआ, जो 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क प्रारंभिक शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने वाली सामाजिक योजना है। 2000 में जहां लगभग 40 प्रतिशत बच्चे स्कूल छोड़ देते थे, वहीं 2005 तक यह संख्या घटकर लगभग 10 प्रतिशत रह गई। उन्होंने इस योजना को प्रचारित करने वाली थीम लाइन 'स्कूल चले हम' स्वयं लिखी थी। अटल जी को जनजातीय मामलों के मंत्रालय, उत्तर-पूर्व क्षेत्र विभाग और सामाजिक कल्याण*



एक ऐसे समय में जब लगातार लोकतांत्रिक अवमूल्यन हो रहा है और सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच दरार बहुत गहरी हो चुकी है, तब अटल जी की जन्म शताब्दी में उनका स्मरण अत्यंत जरूरी हो जाता है। भारत के राजनीतिक इतिहास में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल राजनीतिज्ञ, संवेदनशील प्रशासक, नि:स्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, भाषाविद्, कवि, पत्रकार, लेखक और बहुआयामी व्यक्तित्व के रूप में पहचाने जाते हैं। उन्होंने यह साबित किया कि देश में गठबंधन सरकारों को भी सफलता से चलाया जा सकता है। भारत जैसे विशाल और विविध देश में बदलाव 'घोषणापत्र' से नहीं, बल्कि उन फैसलों से आता है, जो शासन की प्राथमिकताओं को स्थायी रूप से बदल देते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी का सबसे बड़ा योगदान यही था कि उन्होंने विकास को 'परियोजनाओं की सूची' से निकालकर 'राष्ट्रीय क्षमता' के रूप में देखना सिखाया। उन्होंने ऐसे कई बड़े फैसले लिए, जिन्होंने भारत की राजनीति को हमेशा के लिए बदल दिया। उनका परिवर्तनकारी दृष्टिकोण दूरसंचार, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में परिलक्षित होता है। प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और विपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने आजादी के बाद भारत की घरेलू और विदेश नीति को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाई। वाजपेयी की वाक्पटुता घरेलू मंच तक ही सीमित नहीं थी। 1977-79 के दौरान भारत के विदेश मंत्री के रूप में उन्होंने 32वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना भाषण हिंदी में भी दिया। अटल जी ने अपने शासनकाल के दौरान कई ऐसी योजनाएं शुरू कीं, जिनसे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और जिनका लाभ आज भी हर भारतीय को मिल रहा है। उनके शासनकाल में प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी 8.4 प्रतिशत से ऊपर बनी रही, मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे रही और विदेशी मुद्रा भंडार भी संतोषजनक स्थिति में था। इस सुदृढ़ आर्थिक स्थिति का लाभ यूपीए-1 सरकार को मिला। शिक्षा के क्षेत्र में वाजपेयी का योगदान सर्व शिक्षा अभियान के रूप में मील का पत्थर साबित हुआ, जो 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने वाली सामाजिक योजना है। 2000 में जहां लगभग 40 प्रतिशत बच्चे स्कूल छोड़ देते थे, वहीं 2005 तक यह संख्या घटकर लगभग 10 प्रतिशत रह गई। उन्होंने इस योजना को प्रचारित करने वाली थीम लाइन 'स्कूल चले हम' स्वयं लिखी थी। अटल जी को जनजातीय मामलों के मंत्रालय, उत्तर-पूर्व क्षेत्र विभाग और सामाजिक कल्याण मंत्रालय को सामाजिक न्याय मंत्रालय में परिवर्तित करने तथा नए विभागों के निर्माण का श्रेय भी दिया जाता है।

'जय जवान-जय किसान और जय विज्ञान' का नारा देने वाले अटल जी ने चंद्रयान-1 परियोजना को भी स्वीकृति दी। मई 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया। उनकी ठोस उपलब्धियों में भारत की हाईवे-कल्पना का राष्ट्रीयकरण भी है। उन्होंने 'इन्फ्रास्ट्रक्चर को राजनीति की भाषा' बना दिया। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को जोड़ने वाली स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना ने भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद की और यह एनडीए सरकार का एक गौरव बना।

सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्ग ही नहीं, बल्कि उनके दौर में यह समझ भी मजबूत हुई कि विकास तब तक अधूरा है, जब तक गांव बाजार, स्कूल और अस्पताल से नहीं जुड़ते।

# माओवाद से मिलती मुक्ति

माओवादियों के खिलाफ जारी अभियान को फिर से एक बड़ी सफलता मिली। इस बार यह सफलता मिली ओडिशा के कंधमाल जिले में, जहां 1.1 करोड़ के इनामी माओवादी सरगना गणेश उइके अपने चार साथियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इसके कुछ घंटे पहले ओडिशा में ही दो और माओवादी मारे गए थे। ओडिशा में माओवादी सरगना गणेश के मारे जाने के बाद यह राज्य भी माओवाद से मुक्त होने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। इसी के साथ देश के अगले वर्ष मार्च तक माओवाद से मुक्त होने के आसार बढ़ गए हैं। इसे गृहमंत्री अमित शाह ने जिस तरह नए सिरे से दोहराया, उससे इस लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर उनकी प्रतिबद्धता का ही पता चलता है। कितना



अच्छा होता कि ऐसी ही प्रतिबद्धता मनमोहन सरकार ने भी दिखाई होती। हालांकि मनमोहन सरकार के समय जब चिदंबरम गृहमंत्री थे तो माओवादियों के खिलाफ आपरेशन ग्रीनहंट चलाया गया, लेकिन उसका विरोध कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने ही शुरू कर दिया। इसके चलते यह आपरेशन धीरे-धीरे निष्प्रभावी हो गया। इसकी देश को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। इससे माओवादियों का दुस्साहस बढ़ा। उन्होंने अपने को संगठित कर सुरक्षा बलों पर घातक हमले किए और आदिवासियों का दमन करने के साथ ही विकास कार्यों को रोका और अपनी लूट-खसोट तेज की। इसमें कोई संशय नहीं रह जाना चाहिए कि माओवाद विषैली विचारधारा से लैस ऐसे हथियारबंद लोगों का निर्मम समूह है, जो गरीबों की हित रक्षा की आड़ लेकर हर तरह की मनमानी और उगाही करता है। हाल के समय में जिस तरह एक के बाद एक माओवादी सरगना मारे गए हैं और बड़ी संख्या में उनके सहयोगियों ने समर्पण किया है, उससे माओवाद अंतिम सांसें लेता हुआ दिख रहा है। इसकी पुष्टि इससे भी होती है कि अब माओवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 11 ही रह गई है। एक समय में ऐसे जिलों की संख्या 182 थी। बीतते कुछ समय में माओवाद से कई ऐसे क्षेत्र भी मुक्त हुए हैं, जो कभी उनके गढ़ हुआ करते थे। हालांकि कई भूमिगत माओवादी नेता इस नतीजे पर पहुंच चुके हैं कि वे हारी हुई लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वे हथियार छोड़ने के लिए तैयार नहीं। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि माओवादी जब-तब सुरक्षा बलों को चुनौती देते रहते हैं। इसे देखते हुए बचे-खुचे माओवादियों के खिलाफ सख्ती का परिचय देने में संकोच नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें न तो सिर उठाने का अवसर दिया जाना चाहिए और न ही संगठित होने का।

## 108 मानस पाठ, मूल पाठ का हवन व कलश यात्रा के साथ समापन



जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** उपखंड के नजदीकी ग्राम पंचायत खारड़िया के श्री वीर हनुमान मंदिर में चल रहे 108 रामचरितमानस के पठन 3 महीने 18 दिन लगातार अखंड पाठ, हरि कीर्तन हवन के साथ समापन हुआ। रामचरितमानस के अखंड पाठ या नियमित पठन के पूरे होने पर, उसके समापन के रूप में यज्ञ (हवन) और पूजा-पाठ का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 108 मानस पाठ के समापन पर पंडित राधेश्याम शास्त्री, डॉ. अनिरुद्धचार्य, हरिप्रसाद दाधीच ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया। जिसमें 60 जोड़ो व ग्रामीणों ने हवन कुंड में आहुतियां देकर गांव की सुख, समृद्धि, शांति व मानव कल्याण के लिए ईश्वर से कामना की। वीर हनुमान मंदिर के पुजारी कौशलदास जी महाराज ने रामायण पाठ का सार सुनाते हुए श्रोताओं को बताया कि रामायण पाठ करने से ईश्वर, मानव का कल्याण करते हैं तथा गांव तथा परिवार में सुख, शांति समृद्धि बनी रहती है,रामायण पाठ मानव को सही रास्ते पर चलने का मार्ग दिखाता है। हिंसा, अधर्म, झूठ, बेईमानी आदि से बचने की प्रेरणा मानव को देता है। नित्य प्रति घर में रामायण का पाठ करने से परिवार का उत्थान होता है। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## श्रीरामपुरा में सड़क पर गंदे पानी का भराव, ग्रामीण परेशान



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर क्षेत्र की लाखना पंचायत के श्रीरामपुरा गांव में मुख्य सड़क पर गंदे पानी का भराव ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। यह सड़क गांव के आवागमन का प्रमुख मार्ग है, लेकिन जलभराव और कीचड़ के कारण यहां से गुजरना दूभर हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग की ओर से वाटिका-लाखना रोड से श्रीरामपुरा गांव की सरकारी पानी की टंकी तक 900 मीटर डामरीकरण सड़क का निर्माण ही किया गया है जबकि शेष करीब 400 मीटर हिस्से को जेसीबी से पुरानी सीसी सड़क उखाड़कर अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में कीचड़, गंदगी और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरे पड़े मार्ग के कारण बारिश या नालियों का पानी सड़क पर जमा हो जाता है। इससे घरों के बाहर और शिव मंदिर के आसपास गंदा पानी भर जाता है, जिससे बदबू फैलती रहती है। फिसलन के कारण कई बार वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई होती है और बुजुर्गों को निकलना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अधूरे 400 मीटर सड़क का शीघ्र निर्माण कराया जाए और उचित जल निकासी की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि यदि पूरा मार्ग नियमानुसार बनाया जाए तो वर्षों से चली आ रही कीचड़, बदबू और जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिल सकती है।

## कार्यग्रहण नहीं करने वाले बीएलओ को किया निलंबित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बरतने एवं बीएलओ ड्यूटी ज्वॉइन नहीं करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर के आदर्श नगर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी श्यामा राठौड़ ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 व धारा 13 13 (ग) (ग) की प्रदत्त शक्तियों के तहत व राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी आदर्श नगर ने बताया कि नगर निगम, जयपुर (मुख्यालय) के कनिष्ठ सहायक, कमल चन्द डाबोडिया को बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाकर कार्यग्रहण के लिए आदेशित किया गया था। दूरभाष पर कार्यालय की एसआईआर टीम व सहायक निर्वाचक अधिकारी/सुपरवाईजर की ओर से बार-बार संबंधित कार्मिक को फोन के माध्यम से बीएलओ की ड्यूटी ज्वॉईन करने के बारे में कहने पर भी उक्त कार्मिक की ओर से उपस्थित नहीं होने पर नोटिस जारी होने के बावजुद भी कार्यग्रहण नही किया गया है। कार्मिक की ओर से ना तो निर्वाचन कार्यालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई एवं ना ही अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्मिक की ओर से चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में, घोर लापरवाही व उदासीनता बरतने पर निलंबन के आदेश जारी किए गए हैं।

## फिल्म स्टार सलमान खान फिर फंसे, फर्जी सिग्नेचर का आरोप, 20 जनवरी को कोर्ट में पेश होने के निर्देश

**जयपुर(कास.)।** मशहूर फिल्म स्टार सलमान खान एक बार फिर बड़ी मुश्किल में फस गए हैं उन पर फर्जी सिग्नेचर के माध्यम से कोर्ट को गुमराह करने का आरोप लगा है कोर्ट ने उन्हें 20 जनवरी को उपस्थित होने को कहा है जानकारी के अनुसार कोटा में श्री राजलक्ष्मी पान मसाले के एक विज्ञापन के मामले में एक वकील की ओर से कोर्ट में याचिका प्रस्तुत करके कहा गया था कि इस विज्ञापन के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है यह विज्ञापन लोगों की सेहत और जीवन के लिए ठीक नहीं है इसके बाद सलमान खान के वकील की ओर से कोर्ट में इस मामले में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था इस प्रार्थना पत्र में सलमान खान के जो सिग्नेचर थे उन सिग्नेचर को लेकर इस मामले में याचिका प्रस्तुत करने वाले वकील का कहना है की प्रार्थना पत्र में जो सलमान खान का सिग्नेचर है वह फर्जी है वह वास्तव में सलमान खान का सिग्नेचर नहीं है इसके बाद कोर्ट ने सिग्नेचर की वास्तविकता का पता लगाने के लिए एफएसएल को यह मामला जांच के लिए दे दिया था अब कोर्ट ने इस मामले में सलमान खान को आगामी 20 जनवरी को कोटा में उपस्थित होने को कहा हौ

# फुलेरा के मुख्य बाजार में मौत का ढांचा

### नोटिस देकर सो गया प्रशासन जर्जर इमारत गिरने का इंतजार

जयपुर टाइम्स





**फुलेरा(निस)।** कस्बे के मुख्य बाजार स्थित गांधी चौक के पास मुख्य सड़क मार्ग पर खड़ी तीन मंजिला जर्जर इमारत किसी भी समय बड़े हादसे को दावत दे सकती है, लेकिन पालिका प्रशासन की उदासीनता गंभीर सवाल खड़े कर रही है। इस खतरनाक भवन के नीचे कई दुकानें संचालित हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। गुरुवार शाम और शुक्रवार को उक्त इमारत से अचानक भारी मात्रा में मलवा गिरने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि उस समय नीचे कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। यह घटना भवन की जर्जर हालत को उजागर करती है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई वर्षों से इस इमारत से लगातार मलवा गिरता रहा है, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। हाल ही में नगर पालिका फुलेरा की ओर से भवन मालिक और दुकानदारों को इमारत खाली करने के नोटिस तो जारी किए गए, लेकिन इन्हें सख्ती से लागू नहीं कराया गया। नतीजतन, आज भी जानलेवा भवन में धड़ल्ले से व्यावसायिक गतिविधियां जारी हैं। जब हालात बिगड़ते नजर आए तो पालिका प्रशासन ने केवल बैरिकेड लगाकर सड़क मार्ग बंद कर दिया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सिर्फ बैरिकेड लगाना समाधान नहीं है। जब नोटिस दिए जा चुके हैं, तो दुकानों को तत्काल बंद कराकर किरायेदारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट क्यों नहीं किया गया? सूत्रों के अनुसार 30 दिसंबर को इस जर्जर भवन को जमींदोज करने की बात कही जा रही है, लेकिन तब तक यदि यहां व्यापारिक गतिविधियां जारी रहीं और कोई हादसा हुआ, तो उसकी नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी किसकी होगी—पालिका प्रशासन, भवन मालिक या संबंधित अधिकारी?
प्रशासन की इस लापरवाही को लेकर स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नोटिस देकर कार्रवाई न करना जनता की जान से खुला खिलवाड़ है। अब सवाल साफ है—क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद जागेगा या समय रहते इस 'मौत के ढांचे' को खाली कराकर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा?

## नावां में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जयपुर टाइम्स



**नावांशहर(निस)।** शहर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। इस संबंध में मृतक के भाई रामनारायण पुत्र हनुमान गुर्जर, निवासी वार्ड न-3 पुरानी रेलवे स्टेशन, नावा तहसील, जिला डीडवाना-कुचामन ने पुलिस थाना नावा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया गया कि मृतक रामावतार उर्फ बन्टी प्रतिदिन की तरह दुकान पर कार्य करता था और सुबह 11 से शाम 10 बजे तक घर से बाहर रहता था। 26 दिसंबर 2025 को प्रार्थी रोज की तरह अपने काम पर चला गया, लेकिन उसका भाई न तो दुकान पर पहुंचा और न ही घर का दरवाजा खोला। आसपास के जान-पहचान वालों ने फोन कर इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर प्रार्थी पड़ोसियों के साथ घर पहुंचा, जहां भाई का कमरा अंदर से बंद मिला। आवाज लगाने और दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। कमरे की खिड़की खुली होने पर उसके अंदर जाने पर भाई रामावतार कमरे के फर्श पर उल्टे मुंह गिरा हुआ मिला, जिसके मुंह व नाक से खून निकल रहा था। इसके बाद दरवाजा खोलकर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मेरे भाई को नावा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि मृतक पिछले काफी समय से मानसिक तनाव में था, जिसके चलते मौत को लेकर उन्हें संदेह है। प्रार्थी ने मृतक के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल निकलवाने, पोस्टमार्टम कराकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के मिलने वाले ने बताया कि मृतक 1 माह से काफी मानसिक तनाव में था और सभी जो 25 दिसम्बर को अपना आखिरी दिन होने की बात कह रहा था साथ ही आसपास के लोगो ने यह भी संदेह जताया है कि मृतक बंटी नेकदिल व धार्मिक प्रवृति का व्यक्ति था और उसे किसी की ओर से ब्लैकमेल किया गया है जिसके चलते यह घटना घटित हुई है। परिजनों सहित लोगो ने पुलिस से मृतक के मोबाइल नम्बर की कॉल डिटेल निकलवाकर मृतक के साथ न्याय करने की मांग की है।

## नावां में उप जिला चिकित्सालय को लेकर मुस्लिम समाज का ज्ञापन

### राजास भूमि आवंटन का विरोध

जयपुर टाइम्स




**नावां शहर(निस)।** उपखंड कार्यालय में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज के लोगों ने उप जिला चिकित्सालय भवन ग्राम राजास में नहीं बनवाकर नावां शहर में ही बनवाने के लिए भूमि आवंटन करने की मांग की। ज्ञापन में सदर मोहम्मद रसीद सहित मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्राम राजास में जिस भूमि पर चिकित्सालय के लिए आवंटन किया गया है, वह शहर से लगभग आठ किलोमीटर दूर स्थित है। ऐसे में आमजन, विशेषकर मरीजों और उनके परिजनों को उपचार के लिए इतनी दूरी तय करनी पड़ेगी, जो उनके लिए परेशानी का कारण बन सकती है। मुस्लिम समाज के लोगों ने राजास में किए गए भूमि आवंटन का विरोध करते हुए मांग की कि उप जिला चिकित्सालय भवन के लिए भूमि शहर की सीमा में ही आवंटित की जाए, ताकि आमजन को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। इसके साथ ही ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम को स्टेडियम के रूप में ही रखा जाए तथा किसी अन्य उपयुक्त भूमि पर चिकित्सालय का निर्माण किया जाए। समाज के लोगों ने स्टेडियम में ट्रैक और लाइट की व्यवस्था कर विकास कार्य करवाने की भी मांग की। इस दौरान सदर मोहम्मद रसीद के साथ लुकमान शाह, हारून, रोशन अली, राजू सैयद, इमरान अली, सदीक मनिहार, इरफान अली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नावां में जिला कलेक्टर का औचक निरीक्षण, अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** उपखंड मुख्यालय नावा में आज जिला कलेक्टर महेंद्र खडगावत की ओर से राजकीय कार्यालयों का वार्षिक पत्रावली निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नावा तहसील, आईटीआई कार्यालय और पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण कर संबंधित विभागों की पत्रावलियों की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में रिकॉर्ड संधारण, कर्मचारियों की उपस्थिति व कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया गया। जिला कलेक्टर महेंद्र खगावत ने निरीक्षण के बाद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों का संचालन लगातार शिकायतों के माध्यम से संज्ञान में आ रहा है। इनमें अवैध मुरड़ ,अवैध बजरी खनन तथा गीली लकड़ी के अवैध परिवहन जैसे मामले शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इन गतिविधियों पर पुलिस व प्रशासन की ओर से शीघ्र प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यदि स्थानीय प्रशासन की ओर से इन पर कठोर कदम नहीं उठाए गए और शिकायतें लगातार प्राप्त होती रहीं, तो जिला स्तर पर जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई कराई जाएगी। कलेक्टर ने यह भी चेतावनी दी कि इस प्रकार के मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिन कर्मचारियों की पत्रावलियों में कमी पाई गई अथवा जो बिना सूचना के अनुपस्थित मिले, उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं कुछ मामलों में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर कर्मचारियों को निलंबित भी किया गया है। वार्षिक पत्रावली निरीक्षण की कार्रवाई शाम नावा तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल, व नावा थाना अधिकारी, नंदलाल सहित राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई। जिला कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिल सकें।

## प्रदेश में रेलवे के विकास को लेकर गंभीर हैं अश्वनी वैष्णव और भजनलाल शर्मा, 2 साल में व्यापक कार्य हुए

### राजस्थान में ट्रैक नवीनीकरण की 850 करोड़ रुपए की परियोजना को स्वीकृति

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रदेश के जोधपुर के ही रहने वाले हैं इसलिए राजस्थान में रेल सुविधाओं के विस्तार और रेल सुविधाओं को मजबूती देने में वह विशेष रूप से ज्यादा कार्य करते हुए दिखाई दे रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके बहुत अच्छे राजनीतिक संबंध है इसलिए पिछले 2 साल में प्रदेश में रेलवे के क्षेत्र में व्यापक तौर पर कार्य हुए हैं एक तरफ जहां कई नई ट्रेनों का शुभारंभ हुआ है तो दूसरी तरफ रेलवे ट्रैक को मजबूत करने और नवीनीकरण प्रदान करने में भी व्यापक स्तर पर कार्य हुआ है नई रेलवे ट्रैक बिछाई जा रहे हैं जिसकी वजह से प्रदेश में रेलवे के क्षेत्र में पिछले 2 साल में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं इसीलिए राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा है कि अश्वनी वैष्णव और भजनलाल शर्मा कि यह जोड़ी आने वाले सालों में प्रदेश में रेलवे के विकास में एक अलग अध्याय लिख सकते हैं द्य भारतीय रेल ने देश की रेल अवसंरचना को आधुनिक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत उत्तर पश्चिम रेलवे के अंतर्गत रायकाबाग-फलोदी-जैसलमेर तथालालगढ़-कोलायत-फलोदी रेल खंडों में व्यापक ट्रैक नवीनीकरण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना 850 करोड़ रुपए की लागत से क्रियान्वित की जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह प्रस्ताव दो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रेल खंडों की ट्रैक संरचना को आधुनिक और मजबूत बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। इन खंडों पर वर्तमान में पुरानी रेल पटरियाँ और स्लीपर उपयोग में हैं जिनका नवीनीकरण सुरक्षा परिचालन क्षमता और दीर्घकालिक रखरखाव की दृष्टि से आवश्यक माना जा रहा है। परियोजना के तहत पहला खंड राई का बाग-फलोदी-जैसलमेर है जिसकी कुल लंबाई 291.126 किलोमीटर है। इस मार्ग पर वर्तमान में स्थापित रेल पटरियों का रोलिंग मार्क वर्ष 2005 का है जिन्हें 2006 में बिछाया गया था। लंबे समय से परिचालन में रहे इस ट्रैक के नवीनीकरण को रेलवे प्रशासन ने तकनीकी आवश्यकता के रूप में चिन्हित किया था जिसके बाद विस्तृत सर्वेक्षण और आकलन के आधार पर यह प्रस्ताव तैयार किया गया। वहीं दूसरा खंड लालगढ़-कोलायत-फलोदी है जिसकी कुल लंबाई 73.742 किलोमीटर है। इस खंड में उपयोग में लाई जा रही रेल पटरियों का रोलिंग मार्क 2004 से 2006 के बीच का है और इन्हें 2006-07 के दौरान बिछाया गया था। अधिकारियों के अनुसार दोनों ही खंडों पर ट्रैक संरचना की वर्तमान स्थिति को देखते हुए नवीनीकरण कार्य को प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले वित्त विभाग ने इस परियोजना के लिए प्रति किलोमीटर 2.84 करोड़ रुपए की लागत को स्वीकृति प्रदान कर दी थी।

# सांभरझील महोत्सव का भव्य आगाज आज, देशी-विदेशी पर्यटकों के स्वागत को सजा 'नमक की नगरी'

### उप मुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री दिया कुमारी करेंगी पांच दिवसीय फेस्टिवल का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स






**सांभरलेक(निस)।** अपने विशिष्ट लवणीय स्वाद और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विश्वविख्यात सांभरझील एक बार फिर पर्यटन के रंग में रंग गई है। देशी-विदेशी पर्यटकों के स्वागत के लिए पांच दिवसीय सांभरझील फेस्टिवल का शनिवार को भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। फेस्टिवल को लेकर पूरा क्षेत्र दुल्हन की तरह सजा दिया गया है, जहां हर गली, हर चौराहा और हर दीवार उत्सव की चमक बिखेर रही है। राज्य की उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी शनिवार को फेस्टिवल स्थल कोच्या की ढाणी, झपोक पहुंचकर इस बहुप्रतीक्षित महोत्सव का उद्घाटन करेंगी। उद्घाटन समारोह को लेकर प्रशासनिक और पर्यटन विभाग की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगर पालिका प्रशासन ने कस्बे को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने में पूरी ताकत झोंक दी है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी छगनलाल यादव के नेतृत्व में शहर की प्रमुख दीवारों पर पक्षियों की मनमोहक पेंटिंग कराई गई है, जिससे सांभरझील की पहचान को और मजबूती मिली है। मुख्य चौराहों का सौंदर्यीकरण, रंग-बिरंगी रोशनी से सजी सड़कें, डिवाइडरों पर आकर्षक रंग-रोशन, रात में जगमगाती लाइटें और व्यापक सफाई अभियान ने कस्बे की तस्वीर ही बदल दी है। फेस्टिवल के मद्देनजर मुख्य मार्गों से ठेले-थड़ियों के अतिक्रमण हटाए गए हैं, ताकि पर्यटकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। वहीं फेस्टिवल स्थल पर मंच, दर्शक दीर्घा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अन्य सुविधाओं को भव्य रूप दिया गया है। व्यवस्थाओं का जायजा लेने उप जिला कलेक्टर ऋषिराज कपिल, पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत, अतिरिक्त उप निदेशक बाबूलाल मीणा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह, सांभरलेक पुलिस उप अधीक्षक अनुपम मिश्रा एवं थाना अधिकारी राम मिलन मीणा फेस्टिवल स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, दर्शक प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। पर्यटन विभाग को उम्मीद है कि यह पांच दिवसीय फेस्टिवल सांभरझील को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा। लोक संस्कृति, कला, संगीत, खान-पान और प्राकृतिक सौंदर्य के संगम से सजा यह महोत्सव न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा।



# किआरा आडवाणी ने टॉक्सिक में अपनी भूमिका के बारे में किया खुलासा

**बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी ने हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के लिए एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने अपनी भूमिका को बहुत खास बताया।**

## टॉक्सिक में रोल को लेकर किआरा का खुलासा

फिल्म टॉक्सिक में नादिया का रोल निभा रही किआरा आडवाणी ने एक्स पर एक नोट लिखा, यह रोल मुझसे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से बहुत कुछ मांगता था। मेरे लिए यह पूरी तरह बदलाव लाने वाला अनुभव रहा। अब तक का मेरा सबसे मुश्किल रोल। महीनों की मेहनत। एक निडर छलांग। इस फर्स्ट लुक को इतना प्यार मिलना मेरे लिए सबकुछ है। मैं शब्दों से ज्यादा आभारी हूं।

## फिल्म निर्माताओं का पोस्ट

हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने किआरा का फर्स्ट लुक जारी किया था। इसमें किआरा को स्टाइलिश गाउन में दिखाया गया, जो फर्श तक लंबी और ऊंची स्लिट वाली है। वह चमकदार स्टेज पर आत्मविश्वास से खड़ी नजर आईं। बैकग्राउंड में सर्कस जैसा माहौल दिखा। उनके चेहरे पर ग्लैमर के साथ दुख और उदासी के भाव नजर आए।

## फिल्म टॉक्सिक के बारे में

यश की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे गीतु मोहनदास ने निर्देशित किया है। प्रोडक्शन वीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स ने किया है। यह कन्नड़ और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी। बाद में इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में डब किया जाएगा। यह कन्नड़ सुपरस्टार यश की सुपरहिट फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 (2022) के बाद पहली फिल्म है। किआरा को हाल ही में वॉर 2 में देखा गया था, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में थे।

# राशा थडानी से अहान पांडे तक

# इस साल इन स्टार किड्स ने किया डेब्यू




**इस साल कई नए सितारों ने सिनेमा की दुनिया में कदम रखे। चर्चित सितारों के बच्चों के डेब्यू ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा। जनवरी में फिल्म आजाद की रिलीज के साथ ही यह सिलसिला शुरू हो गया था और सालभर चला। मगर, बॉक्स ऑफिस पर कौन अपना दम दिखा पाया?**

## राशा थडानी

इस साल जनवरी में रिलीज हुई फिल्म आजाद के जरिए रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने इंडस्ट्री में कदम रखे। सिर्फ उन्होंने ही नहीं, बल्कि उनके साथ अजय देवगन के भांजे अमन देवगन ने भी डेब्यू किया। मगर, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास नहीं रही। हालांकि, राशा ने अपने आइटम नंबर ऊई अम्मा से जरूर सुर्खियां बटोरी।

## इब्राहिम अली खान



सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान जहां बॉलीवुड में स्थापित हो चुकी हैं, वहीं इस साल उनके बेटे इब्राहिम अली खान ने फिल्म नादानियां से डेब्यू किया था। हालांकि, इब्राहिम का यह ओटीटी डेब्यू था। मगर फिल्म को काफी नेगेटिव रिव्यू मिले।

## आर्यन खान



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने भी इस साल डेब्यू किया। हालांकि, उन्होंने प्लेटफॉर्म ओटीटी चुना। उन्होंने सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के जरिए बतौर निर्देशक डेब्यू किया। उन्हें काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। आर्यन दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहे।

## अहान पांडे



इस साल का सबसे धमाकेदार डेब्यू अहान पांडे ने किया। एक्टर चंकी पांडे के भतीजे ने फिल्म सैयारा के जरिए धूम मचा दी। बता दें कि फिल्म की लीड एक्ट्रेस अनीत पड्डा की भी बतौर मुख्य कलाकार यह पहली फिल्म थी। बॉक्स ऑफिस पर सैयारा छा गई और 300 करोड़ी क्लब में एंट्री ली।

## शनाया कपूर




एक्टर संजय कपूर की बिटिया शनाया कपूर ने भी इसी साल अभिनय की दुनिया में बोहनी की। उन्होंने फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से डेब्यू किया। इसमें वे विक्रांत मैसी के अपोजिट नजर आईं। मगर, कमाई के मामले में फिल्म फुस्स साबित रही।

## खुशी कपूर और जुनैद खान

फिल्म लवयापा के जरिए आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। इससे पहले जुनैद ओटीटी पर फिल्म महाराज में नजर आए थे और उनके अभिनय की खूब तारीफ हुई थी। वहीं, खुशी कपूर ओटीटी पर आई फिल्म द आर्चीज में नजर आ चुकी थीं। बड़े पर्दे पर रिलीज हुई दोनों सितारों की पहली फिल्म लवयापा फ्लॉप रही।







# असली आर्मी लोकेशन पर शूटिंग करना नहीं था आसान

हिंदी सिनेमा के लिए फैंस के लिए नए साल की शुरुआत देशभक्ति से भरी फिल्म बॉर्डर 2 से होने वाली है, जिसमें सनी देओल, दिलजीत सिंह दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी सैनिक के किरदार में दिखने वाले हैं। ये फिल्म अहान शेट्टी के लिए बेहद खास है क्योंकि पहली फिल्म तड़प के सुपरफ्लॉप होने के बाद अब बॉर्डर 2 उनके करियर के लिए अहम है। फिल्म में अभिनेता ने नेवी अफसर का रोल प्ले किया है और अब उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत में अपने किरदार और फिल्म की शूटिंग के किस्सों को शेयर किया है। कड़ी मिलिट्री ट्रेनिंग और मुश्किल एक्शन सीक्वेंस के लिए अहान ने बहुत मेहनत की। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग वहां हुई, जहां असली सैनिक ट्रेनिंग लेते हैं। अहान ने कहा कि फिल्म की शूटिंग एनडीए खड़कवासला में हुई और इसका मकसद सिर्फ असली विजुअल्स कैप्चर करना नहीं था बल्कि उस माहौल को सीखना था, जिसने मेरे किरदार को पूरी तरह बदल दिया। आप वहां ट्रेनिंग ले रहे होते हैं जहां असली ऑफिसर ट्रेनिंग लेते हैं। वह माहौल आपको कुछ भी गलत करने नहीं देता, बल्कि आपकी बॉडी, आपका पोस्चर और बात करने का तरीका वहां के हिसाब से ढल जाता है।

शूटिंग का अनुभव शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि शूटिंग की लोकेशन बदलने लगी लेकिन मेरा रूटीन पहले जैसा रहा। वहीं स्ट्रेंथ ट्रेनिंग सेशन, एजिलिटी, कार्डियो, आइस बाथ, स्टीम, सौना और रेड लाइट थेरेपी रोजाना का रूटीन बन गया। आराम के लिए समय नहीं था क्योंकि ट्रेनिंग नहीं छोड़ सकते थे और रोजाना युद्ध वाले सीन शूट करने होते थे, तो आराम का समय नहीं होता है। लगता था कि अब बस अच्छा परफॉर्म करना है। असली मिलिट्री जगहों पर शूटिंग करने में अहान को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि 40 डिग्री के तापमान में युद्ध के सीन को शूट किया और 12 घंटों की शूटिंग के दौरान टेक्निकल गियर पहनकर काम करना होता था। बता दें कि बॉर्डर 2 में अहान शेट्टी एक नेवी ऑफिसर का रोल प्ले करने वाले हैं। ये फिल्म और किरदार दोनों ही उनके लिए खास हैं क्योंकि उनके पिता सुनील शेट्टी ने भी फिल्म बॉर्डर में सीमा पर तैनात सैनिक भैरव सिंह का रोल प्ले किया था। फिल्म में उनके जोश और किरदार को खूब पसंद किया गया था, लेकिन अब देखना होगा कि दर्शक उनके बेटे अहान को कितना प्यार देते हैं।

# इक्कीस ने मुझे बदल दिया

## अगस्त्य नंदा ने सुनाए शूटिंग के किस्से

फिल्म ' इक्कीस' की रिलीज से फिल्म के मुख्य अभिनेता अगस्त्य नंदा ने फिल्म को लेकर बात की। मीडिया से बातचीत में अगस्त्य ने फिल्म से जुड़े अपने अनुभव, डर, सीख और निजी यादों को खुलकर साझा किया। इस दौरान एक्टर ने धर्मेंद्र के साथ पहली मुलाकात से लेकर शूटिंग के दौरान उठाए गए जोखिम, अपने चार साल के सफर और परिवार से मिली सीख तक के बारे में बताया। अभिनेता ने कहा कि यह फिल्म उनके लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं बल्कि एक गहरा और निजी अनुभव रही है।

### ऐसे हुई धर्मेंद्र के साथ पहली मुलाकात

दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए अगस्त्य ने बताया कि जब मैंने यह फिल्म साइन की थी, उसी दिन धर्मेंद्र जी का जन्मदिन था। मुझे लगा कि खुद को उनसे मिलवाने का सबसे सही तरीका यही होगा कि जाकर उनका आशीर्वाद लिया जाए। उस दिन श्रीराम सर, दिनेश सर, बिनी और मैं उनसे मिलने गए थे। सच कहूं तो मैं बहुत नर्वस था, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि उनसे क्या कहूं और कैसे बात करूं। लेकिन वह बेहद गर्मजोशी से मिले। उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया और वह पल मेरे साथ हमेशा के लिए जुड़ गया।


### फिल्म के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला

फिल्म 'इक्कीस' के सफर के बारे में अगस्त्य ने कहा कि सच कहूं तो इस फिल्म की शुरुआत करने को लेकर आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मैं खुद को एक बिल्कुल अलग इंसान महसूस करता हूं। जब मैंने यह फिल्म शुरू की थी, तब मैं सिर्फ 21 साल का था और आज मैं 25 का हूं। उस वक्त मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि मैं इतना कुछ सीखूंगा या इतने शानदार लोगों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। यह फिल्म मेरे लिए सच में एक मजबूत नींव बन गई है। ऐसी नींव, जिसे मैं आगे हर फिल्म में अपने साथ लेकर जाऊंगा। चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या फिर सेट पर रहने के नजरिए से। दिनेश सर से जो मार्गदर्शन मुझे मिला, वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

### जोखिम भरी रही फिल्म की शूटिंग

फिल्म की शूटिंग से जुड़े अनुभवों को साझा करते हुए नवोदित कलाकार ने कहा कि शूटिंग के दौरान कई ऐसे पल आए जब सच में लगता था कि कुछ भी हो सकता है। हमने ये टैंक खुद बनाए थे, इसलिए वे काम करने के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित नहीं थे। फिल्म के दूसरे हिस्से में कुछ एक्शन सीन बहुत जोखिम भरे हैं। हमने ऐसे मूवमेंट किए जो असली टैंक करते हैं। हमने काफी रिहर्सल की थी, लेकिन फिर भी डर बना रहता था। खासकर तब, जब टैंक 20 या 30 फीट की ऊंचाई पर मुड़ता था। उस वक्त सच में डर लगता था कि कहीं वह पलट न जाए। इसके अलावा धमाके हो रहे थे। हर चीज की टाइमिंग बिल्कुल सही होनी थी और टैंक को ठीक उसी पल रुकना था। यह सब आसान नहीं था। शुक्र है कि कुछ गलत नहीं हुआ।





# बच्चों से कुछ न छुपाएं, वे हर चीज खुलकर देख-पढ़ रहे हैं

**मुंबई का किंग कौन यह डायलॉग बोलने वाले एक्टर मनोज बाजपेयी अनेक बार साबित कर चुके हैं कि वह अभिनय के मामले में किंग हैं। उन्हें 4 बार राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाज़ा जा चुका है। अब यह कद्दावर अभिनेता अपने 30 साल के सफर में फिल्मों की सेंचुरी लगा चुका है। इस मुलाकात में वह अपने करियर, पैरेंटिंग और जिंदगी के सबक की गिरहें खोलने में जरा भी नहीं हिचकिचाते।**

### सोशल मीडिया से आजकल हर माता-पिता झपरेशान हैं। पैरेंटिंग पर आपकी राय क्या है?

आप जहां भी जाएंगे, सोशल मीडिया आपके पीछे-पीछे आएगा। यह आपको नहीं छोड़ने वाला तो इसे हैंडल करना होगा। जैसे मेरी बेटी आवा हॉस्टल में रहती है। वहां वह मॉनिटरिंग में रहती है, लेकिन जब वह घर आती है तो उसकी मां उसे फोन दे देती है। मैं यही कहूंगा कि बैन मत करिए, नजर रखिए। जितना आप उन पर रोक-टोक लगाएंगे, उतना वे आपसे छुपाते जाएंगे। पैरेंटिंग का जो सिद्धांत है, वह शबाना (पत्नी) बहुत अच्छे-से जानती हैं और समझती हैं। आवा अपनी मां से कोई बात छुपाती नहीं। आवा कोई बात बाहर किसी दूसरे से सुने और असमंजस में पड़े, इससे पहले ही उसकी मां वे तमाम बातें उसे बता चुकी होती है। बच्चों के साथ आपको खुलकर बात करनी पड़ेगी। इस समझदारी के साथ पैरेंटिंग के अलावा लगातार मॉनिटरिंग की भी जरूरत होती है। बच्चे का दिमाग जब तक विकसित नहीं होता, तब तक उसे संभाल कर रखना माता-पिता की जिम्मेदारी है। मगर बच्चे से चीजें छुपाए नहीं। उसे हर चीज के बारे में बताएं क्योंकि वे हर चीज देख-सुन और पढ़ रहे हैं। आवा किसी से कुछ भी छुपा ले, मगर मां से कुछ नहीं छुपाती।

### क्या आप अपनी वेब सीरीज के टाइटल की तरह असल जिंदगी में भी फैमिली मैन हैं?

यह जोर से मत कहिए! मेरी पत्नी ने सुन लिया तो आपको तुरंत बता देंगी कि यह बिलकुल गलत बात है। मैं शूटिंग पर रहता हूं तो मुझसे शिकायतों का सिलसिला चलता रहता है। पर हां, जब काम नहीं कर रहा होता तो पूरा समय घर पर बिताता हूं। तब 10-15 दिन बाद ही मेरी पत्नी और बेटी कहने लगती हैं कि अब आप शूटिंग पर कब जाओगे? घर पर रहकर बहुत तंग करते हैं। मुझे परिवार के साथ रहना बहुत अच्छा लगता है। परिवार जानता है कि मुझे काम से कितना प्रेम है। उम्र के साथ शरीर थोड़ा साथ नहीं देता, मगर शूटिंग करने में अब भी उतनी ही खुशी मिलती है। हां, शूटिंग के बाद परिवार संग रहना जरूरी है। मैं कहीं विदेश में शूटिंग करूं और परिवार साथ न हो तो मुझे यही बुरा लगता है कि वे इस नए देश को मेरे साथ अनुभव नहीं कर पा रहे। मैं ऐसा ही इंसान हूं, मगर कमियां बहुत हैं, जो मेरी पत्नी बेहतर बताएंगी।

### 30 साल के सफर को पलट कर देखते हैं तो कैसा लगता है?

मैं पीछे मुड़कर देखता ही नहीं। यह मेरे लिए हमेशा मुश्किल रहा है। मेरा स्वभाव ही ऐसा है कि बीती बातों में नहीं उलझता क्योंकि वहां अब कुछ नया मिलने वाला नहीं होता। समय बदला, चीजें बदलीं, समाज बदला और इंडस्ट्री भी लगातार बदलती गई। अब ट्रेंड जिस रफ्तार से आ रहा है, वह बहुत कुछ बदल रहा है और बदलेगा भी। मेरी एक आदत रही है, बदलते वक्त के साथ खुद को बदलना। बदलाव के साथ तालमेल बैठाकर आगे बढ़ना और अच्छा काम करना- यही मुझे आता है और यही मैं करता आया हूं। उसी में बेहतर करने की कोशिश करता हूं ताकि नई पीढ़ी के साथ कदमताल बनी रहे। अगर किसी चीज में मैं बुरा हूं और मुझे कोई चीज नहीं आती तो मैं उसके लिए किसी को हायर कर लेता हूं। इसके पीछे मेरी सोच यही होती है कि मेरा काम होता रहे और मैं अभिनय करता रहूं।

### किस चीज को खोने का दुख सताता है?

अगर इमोशनल तौर पर सोचूं तो मैंने क्या खोया? मैंने खोया है, माता-पिता का साथ। मैं 9 साल की उम्र में हॉस्टल चला गया था और तब से उनके साथ रह ही नहीं पाया। फिर दिल्ली चला गया जबकि वे गांव में थे। जब वे दिल्ली आए, तब तक मैं मुंबई आ चुका था। उनके अंतिम दिनों में जो साथ और जिम्मेदारी मेरे भाई-बहनों ने निभाई, वह मेरा हिस्सा ही नहीं बन सका। मैं उनसे दूर था। आप ऐसी यात्रा पर निकलते हैं तो इस तरह के त्याग के लिए तैयार रहना पड़ेगा। आपको बहुत कुछ खोना पड़ेगा।

### आपके जिंदगी के सबक क्या हैं?

मुझे लगता है कि किसी दूसरे को अपनी जिंदगी का निर्धारण न करने दें और न ही उससे प्रभावित होइए क्योंकि आपको लेकर उनकी राय लगातार बदलती रहती है। आपको खुद के और आपके आसपास के लोगों के अलावा कोई नहीं जानता। यही वजह है कि मैं हर अभिनेता से यह कहता हूं कि शुक्रवार से डरो मत। अगर यह शुक्रवार बुरा गया है तो अगला अच्छा जाएगा और फिर आपके बारे में उनकी राय बदल जाएगी। लोगों की राय कभी भी एक जैसी नहीं रहती। इसलिए लोगों की राय पर अपना जीवन न चलाएं। जो मन में हो वही करें, पर यह जरूर देखें कि उससे किसी दूसरे को तकलीफ़ न हो ।

# आरोपी के घर पर चलाया प्रशासन ने बुल्डोजर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कुशवाहा समाज के दबाव के चलते आखिरकार एक बेटी के साथ हुए दुराचार के आरोपी के घर पर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। एक बेटी के साथ हुए दुराचार के मामले में कुशवाहा समाज के लोगों ने हजारों की उपस्थिति ने धौलपुर पुलिस व जिला प्रशासन को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 3 दिन का अल्टीमेटम दिया था। उस अल्टीमेटम के टाइम को धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा और पूर्व विधायक बीएल कुशवाहा ने समाज के लोगों के साथ वार्ता कर पुलिस प्रशासन के हित में देखते हुए चार दिन का समय बढ़ा दिया था। अब विधायक की ओर से बढ़ाए गए अल्टीमेटम समय के अनुसार 27 तारीख तक का समय दिया गया है। इस संदर्भ में भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाहा के निवास पर 25 दिसंबरको राजस्थान मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुशवाहा समाज के वरिष्ठजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कुशवाहा समाज का प्रतिनिधिमंडल डॉ. शिवचरण कुशवाहा और प्रधान रामहेत कुशवाहा की अगुवाई में धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बेटी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान से मामले को लेकर वार्ता की गई। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि आरोपी के घर को तोड़ने के लिए नोटिस चस्पा कर दिया है, तथा अपराधी पर 10 हजार का इनाम घोषित कर दिया है जो सर्विदित है, प्रशासन ने बताया कि आरोपी पकड़ में आता है तो ठीक है, वरना उसकी अनुपस्थिति में भी कार्रवाई की जाएगी और प्रशासन ने उसे दोषी मान लिया है, उसकी खोज जारी है और धरपकड़ के लिए पुलिस प्रशासन ने टीमें भी गठित कर दी हैं जो सर्च अभियान में जुटी हुई है।



यदि समय रहते आरोपी पुलिस गिरफ्त में नहीं आता है तो प्रशासन उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा। इस मामले में समाज के लोगों ने कहा कि अल्टीमेटम दिया है। 28 दिसंबर को हमने कुशवाहा छात्रावास पर समाज के लोगों की बैठक करने का फैसला लिया है और प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाहा, प्रधान रामहेत कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान लवकुश उत्थान फाउंडेशन रामप्रसाद कुशवाहा बयाना, प्रदेश प्रवक्ता हेमलता कुशवाहा, सैपऊ चेयरमैन अर्जुनसिंह कुशवाहा, उत्तमसिंह कुशवाहा, एड. अर्जुनसिंह, प्रेमचंद सरपंच भरतपुर,आरक्षण समिति प्रदेश सह सचिव परशुराम कुशवाहा, भामाशाह करण सिंह कुशवाहा, पीतमसिंह कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, श्रीराम कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, सोबरन सिंह कुशवाहा, कमल सिंह कुशवाहा, हरविलास कुशवाहा, प्रताप सिंह कुशवाहा सहित धौलपुर भरतपुर के वरिष्ठ लोगों सहित कुशवाहा समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित है। एक घंटे पहले कुशवाहा समाज के साथ प्रशासन की बैठक हुई, उसके तत्काल बाद प्रशासन ने आरोपी के घर पर बुल्डोजर चलाया है समाज के दबाव के कारण प्रशासन ने यह कदम उठाया है। सूत्रों के अनुसार जो भी व्यक्ति उसके बचाव में आएगा उस पर भी प्रशासन करेगा कार्रवाई। चेतावनी के तौर पर पहले उसके घर के सामने बनी रपट, सीढियों, छज्जे और रेलिंग को तोड़ा गया है, फिर भी आरोपी पकड में नहीं आएगा तो उसके संपूर्ण घर को नष्ट किया जा सकता है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए लगाए गए टेंट-बैनर फाड़े, कुर्सियां तोड़ी




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए लगाए गए टेंट-बैनर फाड़ने व कुर्सियों को तोड़फ़ोड़ किए जाने के मामले में हेमंत सिंह भदौरिया व कुणाल आर्य की ओर से व्यक्तियों के खिलाफ बिजौलियां थाने में रिपोर्ट दे कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। रिपोर्ट में बताया कि प्रार्थी की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजौलियाँ (बडे फिल्ड) पर क्रिकेट प्रतियागिता का आयोजन करवाया जा रहा है। गुरुवार रात्रि को अज्ञात व्यक्तियो द्वारा रंजीशवश उक्त प्रतियोगिता वाले स्थान पर लगाए गए टेन्ट-बैनर को फाड़ दिया व वहां पर रखी कुर्सियों व अन्य सामानो के साथ तोड़फोड की गई जिससे प्रार्थी को करीबन 50 हजार रूपये का नुकसान हुआ है।

## जन-जागरूकता संगोष्ठी में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक रहने का आह्वान



जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस)।** कस्बे के सामुदायिक भवन में शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एसीबी) अजमेर के तत्वावधान में जन-जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अजमेर रेंज के पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह राणावत उपस्थित रहे। उन्होंने आमजन से भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि किसी भी विभाग में रिश्वत मांगी जाती है तो इसकी शिकायत बिना डरे विभाग के पास करें। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक, जयपुर की ओर से जारी टोल फ्री नंबर की जानकारी भी दी, जिस पर आमजन रिश्वत से संबंधित शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। संगोष्ठी में भीलवाड़ा के उप पुलिस अधीक्षक पारसमल ने विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बिजौलिया चिकित्सालय व अन्य विभागों से जुड़े मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए।

## अतिक्रमण हटाकर आम रास्ते को सुचारू करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** गोपालपुरा के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंप कर ग्राम मोजा गोपालपुरा के आराजी 17 व 264 बिलानाम भूमि का सीमाज्ञान करवाने व अतिक्रमण हटवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बिलानाम भूमि के आराजी नंबर 17 व 264 पर कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों की ओर से अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। उक्त आराजी नंबरों से होकर मुख्य मार्ग गुजरता है जो बिजौलियां से गोपालपुरा होते हुए तिलस्वां व सिंगोली की ओर जाता है। यह एक व्यस्त मार्ग है जिस पर वाहनों का आवागमन निरंतर बना रहता है। अतिक्रमण के कारण सड़क की चौडाई कम हो गई है, जिससे यहाँ आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अवैध अतिक्रमण हटाकर आम रास्ते को सुचारू करवाने की मांग की।

## अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बाड़ी नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने शुक्रवार को सायं बस स्टैंड पर संचालित अस्थायी रैन बसेरा व अम्बेडकर भवन में संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में पलंग, कंबल, गद्दे एवं मेडिकल किट पीने का पानी अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अम्बेडकर भवन में संचालित रैन बसेरा में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए इन्वर्टर लगाए जाने के निर्देश दिए गए, साथ ही प्रकाश व्यवस्था में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिशाषी अधिकारी ने ठंड के मौसम को देखते हुए रैन बसेरों में आने वाले जरूरतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा, टाउन प्लानिंग स्पेशलिस्ट तपेश बिधूडी सहित नगर पालिका के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर में नदी क्षेत्र से पेड़ों की अवैध कटाई का आरोप

### ग्रामीणों ने एसडीएम से की कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र में नदी इलाके से पेड़ों की अवैध कटाई कर उन्हें बेचने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते कुछ दिनों से नदी क्षेत्र में पेड़ों की चोरी-छिपे कटाई की जा रही है और कुतर मशीन से लकड़ी को काटकर टोलियों के माध्यम से ईंट भट्टों तक पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पोयणा निवासी कृष्ण पाल सिंह पुत्र सुमेर सिंह राजपूत जोगापुरा (तहसील शिवगंज) निवासी परबत सिंह को कथित रूप से 14 हजार रुपए में पेड़ों का सौदा किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह पूरा कार्य ग्राम पंचायत या किसी भी सरकारी विभाग की अनुमति के बिना अवैध रूप से किया गया है। ग्रामीणों ने दावा किया कि पेड़ों की कटाई के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने फोटो और वीडियो भी बनाए हैं, जिन्हें साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस पूरे मामले की शिकायत 21 दिसंबर को ग्राम पंचायत प्रशासक रमणीक त्रिवेदी को भी की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पोयणा की नदी में लंबे समय से अवैध बजरी खनन के साथ-साथ पेड़ों की अवैध कटाई होती आ रही है, जिससे पर्यावरण को नुकसान और सरकारी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। इसे लेकर 22 दिसंबर को भी उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सौदागर और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि पैसों के लेनदेन के जरिए लगातार पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिसे तत्काल रोकना आवश्यक है।



## सात दिवसीय कन्या कौशल शिविरः तुलसी यात्रा में हजारों बेटियों ने लिया भाग

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** कन्या कौशल शिविर' का आयोजन देशभर में गायत्री परिवार और अन्य सामाजिक संस्थाओं की ओर से कन्याओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और संस्कारवान बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जहाँ उन्हें आत्मरक्षा, व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा, योग और जीवनोपयोगी कौशल सिखाए जाते हैं, ताकि वे सशक्त होकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। इसी क्रम में बसई नवाब प्रज्ञा मंडल प्रधान गार्डन में शिविर का सफल आयोजन हुआ। जिसमें हजारों कन्याओं ने भाग लिया है। पर्यवेक्षक गायत्री परिवार ट्रस्ट धौलपुर भगवान सिंह मीना ने बताया कि बसई नवाब प्रधान गार्डन से कस्बे में हजारों की संख्या में कन्याओं ने हाथों में तुलसी का पौधा लेकर तुलसी यात्रा में भाग लिया। तुलसी यात्रा का कस्बे में जगह जगह फूल वर्षा करके भव्य स्वागत किया। हाथों में तिरंगा,तुलसी का पौधा लेकर गायत्री की जयजयकार से गुंजायमान बसई नवाब के लोगों ने बेटियों का उत्साह बढ़ाया और फूल वर्षा करके भव्य स्वागत किया।

शिविर व्यवस्थापक गायत्री परिवार के सदस्य अतर सिंह कुशवाह ने बताया कि

शिविरों के मुख्य उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण से जोड़ना है। बालिकाओं को अपनी रक्षा खुद करना और जीवन में स्वावलंबी बनाना। व्यक्तित्व विकास जिसमें आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता बढ़ाना,नैतिक और सांस्कृतिक शिक्षा में नैतिक मूल्यों का संचार करना और संस्कृति से जोड़ना,जीवनोपयोगी कौशलः योग, प्राणायाम, स्वास्थ्य जागरूकता और आधुनिक जीवन की चुनौतियों (जैसे मोबाइल का सही उपयोग) के बारे में सिखाना है। शिविर प्रभारी प्रतिभा गुप्ता ने बताया कि आयोजन और गतिविधियाँ जिनमें अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में कन्याओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, योग, ध्यान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वक्तृत्व कला, नशामुक्ति अभियान, और प्रेरणादायक सत्र का आयोजन कर 24 से 31 दिसम्बर तक सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है जिसमें हजारों बेटियों को कौशल सिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 2026 में माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में 'सवा लाख देव कन्याओं' को तैयार करने के बड़े संकल्प का हिस्सा है। राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित शिक्षक सुरेश गोस्वामी ने बताया कि ऐसे शिविर बेटियों को सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर करने और उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आई प्रखर बेटियां और गायत्री परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में बेटियां और अभिभावक उपस्थित हुए।

## मनोज गोस्वामी को डॉक्टरेट की उपाधि

### सर्व समाज के लोगों ने किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सैपऊ क्षेत्र के छोटे से गांव चौराखेड़ा के मूल निवासी मनोज गोस्वामी पुत्र सुरेश गोस्वामी ने इंजीनियरिंग साइंस विषय में अपनी पीएचडी पूर्ण कर डॉक्टरेट की की उपाधि सफलतापूर्वक प्राप्त की है। उन्होंने अपना शोध कार्य सी.एस. आई. आर-एडवांस्ड मटीरियल्स एंड प्रोसेसेस रिसर्च इंस्टीट्यूट भोपाल से शोध निर्देशक डॉ. सुरेंद्र कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया है। उनके शोध का मुख्य विषय इलेक्ट्रोकेमिकल एनर्जी स्टोरेज था, जिसमें उन्होंने अगली पीढ़ी की बैटरियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया है। मनोज के पिता सुरेश गोस्वामी राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि मनोज अपने शोध कार्य से देश के जाने-माने वैज्ञानिक संस्थान जेएनयू नई दिल्ली, आईआईटी मुंबई, आईआईटी मद्रास, आईआईएससी बेंगलुरु, आईआईटी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक कॉन्फ्रेंस के लिए आबू धाबी में भाग ले चुका है। मनोज की इस उपलब्धि पर सर्व समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसका अभिनंदन किया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के प्रबंधक मुकेश सिंह, घनश्याम सिंह, राज्य स्तरीय शिक्षक अवार्डी भगवान सिंह मीणा, मदन शर्मा, मुकेश कुशवाह, श्रीराम गोस्वामी, शिवदत्त गोस्वामी, संतोष गोस्वामी, जफरखान, रामहेत, राहुल गोस्वामी, सुरेंद्र सिंह, अभिषेक, शकुंतला देवी, माधुरी भारती आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में अनुमत जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यरत साथियों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ , सीईओ जिला परिषद ने की। उक्त प्रशिक्षण में पिरामल, प्रयत्न, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन व महिला सशक्तिकरण विभाग के मास्टर ट्रेनरों की ओर से बाल हितेषी पंचायत' एवं 'महिला हितेषी पंचायत' पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, राज्य सरकार की ओर से संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे लाडो प्रोत्साहन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उड़ान योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, आई एम शक्ति कौशल योजना व शिक्षा सेतु योजना की जानकारी साझा की गई। इन योजनाओं से संबंधित समस्याओं को माननीय सीईओ निवृत्ति ने गहनता से सुना तथा संबंधित विभागों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश प्रदान किए।कार्यक्रम में चंद्रज्योति अभियान- 5,स कि थ्योरी ( सोच, समझ संकल्प,सक्रिय, समाविष्ट)पर गहन चर्चा, कम्युनिटी पुस्तकालय की उपयोगिता, किशोरी बालिकाओं की शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पुस्तकालय का महत्व, बच्चों के अधिकार, बाल विवाह रोकथाम पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अंत में सभी ने बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ ग्रहण की तथा प्रस्तावना वाचन किया गया।यह प्रशिक्षण ग्रामीण विकास एवं महिला-बाल कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा।

## विकास रथों का समापन समारोह

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर 2 साल नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान थीम पर 13 दिसंबर से सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकास से जुड़ी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकास रथ यात्रा शुरू की गई थी। जिले की चारों विधानसभाओं में एलईडी मोबाइल वैन को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिनका शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट में समापन हुआ है। समापन के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि राजस्थान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले भर में संचालित विकास रथ अभियान सरकार और आमजन के बीच सेतु बनकर उभरा। इस व्यापक जनसंपर्क अभियान के तहत विकास रथों ने जिले के दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक यात्रा कर सरकार की उपलब्धियों, नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुँचाई। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखते हुए उनके वास्तविक लाभार्थियों तक पहुँच सुनिश्चित करना था, जिसमें विकास रथों ने अहम भूमिका निभाई। भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि रथों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, युवाओं के लिए कौशल विकास, सड़क एवं आधारभूत संरचना, जल आपूर्ति, बिजली, आवास, डिजिटल सेवाओं तथा गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बीते दो वर्षों में राजस्थान सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं और विकास रथ अभियान ने इन प्रयासों को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिले की चारों विधानसभाओं की 260 ग्राम पंचायतों में होते हुए रथ जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां कार्यक्रम आयोजित कर इनका समापन हुआ। रथ में रखे सुझाव पेटिका को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोगों से आग्रह किया था कि उनके क्षेत्र से जुड़ी समस्या या विकास से जुड़ी योजना को पत्र के माध्यम से सरकार को अवगत कराए। रथ में रखी सुझाव पेटिका में आए पत्रों को अधिकारियों ने सुरक्षित किया है। समापन कार्यक्रम में सहायक निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क राजकुमार मीणा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सैना, जिला मंत्री विजय त्यागी, बाचा राम बघेल, डॉ. मनोज शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी ऋतिक वर्मा, प्रदीप किशोर जोनवाल, अंकित कुमार बंशीवाल, आदित्य शर्मा, सुधांशु सक्सैना, जसराज, विक्रम सिंह, तोताराम सहित जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा वितरण योजना के तहत राजस्थान प्रदेश में लगभग 20000 डीडीसी संचालित है। लेकिन डीडीसी के अनुपात में राजस्थान में पिछले 13 वर्षों में मात्र 4800 नियमित फार्मासिस्ट की नियुक्ति हुई है जो कि ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा वितरण केंद्रों पर ओपीडी भार अधिक होने के कारण मरीजों को लंबी कतारों में इंतजार ही नहीं बल्कि बिना दवा के घर भी लौटना पड़ता है। फार्मेसी अधिनियम के तहत 120 की ओपीडी पर एक फार्मासिस्ट की नियुक्ति होने का प्रावधान है अतः ओपीडी के आधार पर नए पद स्वीकृत करने की कृपा करें। आगामी फार्मासिस्ट कैडर की भर्ती प्रक्रिया वर्तमान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य नियम 1965 के तहत मेरिट एवं बोनस अंकों (10,20,30) के आधार पर ही करवाही जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की मुख्य रीढ़ संविदा / निविदा कर्मचारियों को स्थाई होने का अवसर प्राप्त हो जो कि वर्तमान में अत्यंत अल्प वेतन में कार्यरत है। हाल ही में चिकित्सा विभाग द्वारा फार्मासिस्ट के 6826 पदों को सृजित करवाने के लिए वित विभाग को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जिसको जल्द से जल्द स्वीकृति दिलवाने की कृपा करें। अतः जिला कलेक्टर से निवेदन है कि ओपीडी भार के आधार पर नए पदों की वित्तीय स्वीकृति दिलवाते हुए फार्मासिस्ट की नई भर्ती अन्य पैरामेडिकल भर्तियों के आधार पर मेरिट और बोनस पर निकाला जाए।



# उप जिला अस्पताल के नए भवन का शिलान्यास बना सियासी संग्राम, कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** तारानगर में उप जिला अस्पताल के नए भवन के शिलान्यास को लेकर राजनीति गरमा गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप- प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। दोनों ही दल अलग-अलग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक-दूसरे पर सवाल उठा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा की ओर से शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल की अध्यक्षता में चौधरी गेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों ने मीडिया को अपनी स्थिति स्पष्ट की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ और वरिष्ठ नेता महावीर पूनियाँ ने कहा कि भाजपा नेताओं ने उप जिला अस्पताल के नए भवन के लिए स्थान परिवर्तन के बाद नई चिन्हित भूमि पर शिलान्यास किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जो स्थान चिन्हित किया गया था, वह शहर से काफी दूर था, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को वहां तक पहुंचने में भारी परेशानी होती। राकेश जांगिड़ ने कहा कि भाजपा की ओर से जो नया स्थान चिन्हित किया गया है, वह शहर के बिल्कुल नजदीक है, जिससे आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा और सहज लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि 'हमने अपने ही किए गए कार्यों का लोकार्पण किया है। जिसका राज है, उसका आज है।' जांगिड़ ने स्पष्ट किया कि अस्पताल भवन के शिलान्यास का उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर विकास कार्यों में बाधा डालने और जनता को भ्रमित करने का आरोप भी लगाया। उनका कहना था कि कांग्रेस इस मुद्दे को बेवजह तूल देकर राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रही है, जबकि भाजपा ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए सही स्थान पर अस्पताल भवन का शिलान्यास किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें लीलाधर बागोरिया, अजीत सिंह राठौड़, तिलोक रेगर, रणजीत सिंह तंवर, जमर दीन तेली, हरी इंदौरिया, चुन्नीलाल सैनी, फारूक मिस्त्री, मनोहर सैनी, विशाल शर्मा, अशोक जांगिड़, भंवरदास स्वामी, अमित मित्तल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पंचायत समिति वार्डो के प्रकाशन पर वार्ड दो और तीन में आपत्ति का दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** जिला कलेक्टर की ओर से पंचायत समिति और जिला परिषद वार्डो का प्रकाशन किया है। जिसमें किसान सभा ने पंचायत समिति के वार्ड दो और तीन में आपत्ति दर्ज करवाकर जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर अवगत करवाया है। किसान सभा के तहसील अध्यक्ष भगवानराम जाखड़ ने बताया कि सूची प्रकाशन में वार्ड नंबर दो में भादासर उत्तरादा, बंधनाऊ उत्तरादा, बंदनाऊ दिखनादा के गोमटीया गांव शामिल किया है। वही वार्ड तीन में भादासर दिखनादा, बंधनाऊ दिखनादा और भोजूसर उपाधियान को शामिल किया है जो सरासर गलत है। इन वार्डो में हमारी मांग है कि वार्ड दो में भादासर दिखनादा, भादासर उत्तरादा पंचायत जोड़ी जाए, इसमें चारणवासी गांव शामिल किया जाए, वार्ड तीन में बंधनाऊ उत्तरादा, बंधनाऊ दिखनादा और गोमटीया गांव शामिल किया जाए, कॉमरेड रामकृष्ण छींपा ने बताया कि लोगों के राजनीति रंजिश के चलते ऐसा कदम उठाया गया है जो गलत है। भाजपा छोटी इकाई के नाम पर अपनी राजनीति रोटी सेकना चाहती है जो चुनाव में जनता जवाब देगी।

## कन्या महाविद्यालय में प्रतियोगित, छात्राओं ने दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आयुक्तालय के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें क्विज कंपटीशन में सिमरन प्रथम व मानवी मोदी द्वितीय स्थान पर रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में मोनिका राव प्रथम व पूजा पारीक द्वितीय व निर्मल शर्मा तृतीय स्थान पर रही। चैन गुब्बारा प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम व गुब्बारा प्रतियोगिता में मायावती मेघवाल प्रथम स्थान पर रही। लंगडी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीक्षा सुथार व द्वितीय स्थान पर मानवी मोदी और तृतीय स्थान पर निशा रही। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने सभी छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में आचार्य नवीन कुमार पारीक व मनीषा आदि उपस्थित रहे।

## विकास रथ का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के 2 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत सुशासन पखवाड़े के अंतर्गत विकास रथ शुक्रवार रात सरदारशहर नगर परिषद परिसर पहुंचा। यहां नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकास रथ का स्वागत किया। इस अवसर पर सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने पिछले दो वर्षों में जितने विकास कार्य कराए हैं उतने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पांच वर्षों में भी नहीं कर पाई। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, वृद्ध महिलाओं की पेंशन में बढ़ोतरी और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने सहित कई जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया है। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता दिनेश सोनकारा, राजेंद्र आंचलिया, भंवरलाल गोरसिया, राजू नाथ सिद्ध, पूर्व मंडल अध्यक्ष पार्षद मदन ओझा, अमिताभ चांवरिया, ओमप्रकाश सारण, प्रवीण सारण, जाकिर खोकर, अनिल चिरानिया, रामावतार जांगिड़, अर्जुन सिंह सोनगरा, आनंद प्रजापत, कमलेश प्रजापत, ललित सेन, कान सिंह राजपूत सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाधान से ही विकास की राह प्रशस्त होगीः महर्षि



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महर्षि ने कहा कि समस्या का समाधान सतत प्रक्रिया से होता रहना चाहिए। लंबित समस्याए क्षेत्र के विकास की राह को अवरुद्ध करती है। केवल और केवल समाधान से ही विकास की राह प्रशस्त होती है। महर्षि ने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए भाजपा सरकार संकल्पित है। जनसुनवाई में बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा व शिक्षा सहित अनेक विषयों पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## तस्करी का सोना बना हत्या की वजह, 20 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** विदेश से तस्करी कर मंगवाए गए सोने को लेकर हुए विवाद में युवक का अपहरण कर बेरहमी से मारपीट कर हत्या करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 20 हजार के इनामी आरोपी निजामुद्दीन उर्फ निजाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी से चर्चित हत्याकांड की कई परतें खुलने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार 10 नवंबर 2023 को लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में महिपाल नामक युवक की हत्या की गई थी। मृतक के पिता भगवाना राम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि महिपाल अपने भतीजे दिलीप के साथ बलेनो कार से लक्ष्मणगढ़ गया था। वापसी के दौरान रौनक होटल के पास बोलेरो, कैम्पर व थार गाड़ियों में सवार 10-15 बदमाशों ने उनकी कार को घेर लिया और दोनों को जबरन अगवा कर लिया।आरोपी महिपाल को फतेहपुर बीड़ के सुनसान इलाके में ले गए, जहां उससे सोने के बारे में पूछताछ के दौरान गंभीर मारपीट की गई। मारपीट से महिपाल बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपी उसे लक्ष्मणगढ़ अस्पताल के बाहर फेंक कर उसकी बलेनो कार साथ ले गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिपाल की मौत हो गई।पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक का साथी शिशराम दुबई से तस्करी कर सोना भारत लेकर आया था, लेकिन इसके बाद वह गायब हो गया। सोना मंगवाने वालों ने उसकी रिकवरी के लिए बदमाशों को लगाया और आधा सोना देने का लालच दिया। इसी शक में शिशराम के साथी महिपाल को अगवा कर उससे सोने की जानकारी लेने के लिए प्रताड़ित किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। डीएसटी टीम ने 25 दिसंबर 2025 को 20 हजार के इनामी आरोपी निजामुद्दीन उर्फ निजाम, निवासी शेरानी आबाद, थाना खुनखुना, जिला नागौर को गिरफ्तार किया।

## धर्म विजय का संदेश देती है राम कथाः पं. बालकृष्ण कौशिक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के कंदोई बगीची में कंदोई परिवार की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के षष्ठम दिवस पर कथा स्थल श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कथावाचक आचार्य पं. बालकृष्ण कौशिक ने श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण व प्रेरणादायी वर्णन किया। जिससे श्रोता भक्ति रस में डूब गए। उन्होंने श्रीराम के आदर्शों के माध्यम से मानव जीवन में करुणा, सेवा, त्याग और संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया। कथा के दौरान आचार्य पं. बालकृष्ण कौशिक ने सीता हरण के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रावण ने छलपूर्वक मारीच को स्वर्णमृग बनाकर पंचवटी भेजा था। स्वर्णमृग की मोहक छवि देखकर माता सीता के आग्रह पर श्रीराम उसे पकड़ने वन में चले गए। मारीच वध के बाद उसकी कपटपूर्ण पुकार सुनकर सीता की व्याकुलता पर लक्ष्मण भी श्रीराम की खोज में आश्रम से बाहर गए। इस अवसर का लाभ उठाकर साधु वेश में आए रावण ने अतिथि धर्म की आड़ लेकर माता सीता का हरण कर लिया। मार्ग में जटायु ने सीता की रक्षा का साहसिक प्रयास किया। किंतु रावण ने उसके पंख काट दिए। आचार्य कौशिक ने कहा कि यह प्रसंग अधर्म, अहंकार और छल का प्रतीक है और अंततः धर्म की विजय का स्पष्ट संदेश देता है। कार्यक्रम में कंदोई परिवार की ओर से अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कथा में विधायक पं. अनिल शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, सुरेन्द्र जैसनसरीया, रवि बांयवाला, पुरुषोत्तम सर्राफ, दिनेश सोनी, दशरथ राजपूत, सूर्यप्रकाश जैसनसरीया, मनोज व्यास, पवन झंवर, सूर्यप्रकाश लढीया, महावीर चंगोईवाला, तरुण पारीक, अनिल जांगलवा, मनोज सैनी, अमरचंद मीणा, किशोर मित्तल, विकास अग्रवाल, पार्षद पिंटू नाई, महावीर माली, अभिलाष चौधरी, रवि पारीक, श्रीनिवास पारीक, डूंगरमल पुरोहित, नरेश कंदोई, नीरज कंदोई, मनोज भालेरीवाला, पवन पोद्दार, शिवशंकर जैसनसरिया, हरीश जैसनसरिया, श्यामसुंदर मित्तल, गौरव सिंघानिया, किशोर सिंघानिया, डॉ पूनमचंद नाई, शंकरलाल व्यास, भगवती प्रसाद व्यास, छगनलाल सेवदा, रामावतार चौधरी, ओमप्रकाश पारीक, बनवारी लाल जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्कूल मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग, ईओ को ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** श्रीराम निःस्वार्थ सेवा संगठन संस्थान की ओर से शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी के नाम चेयरमैन सीताराम प्रजापत को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बीदासर शहर की प्रमुख गली करणी माता मंदिर से महिलामंडल होते हुए बालिका विद्यालय तक सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की गई है। संगठन ने ज्ञापन में बताया कि उक्त मार्ग से प्रतिदिन लगभग 2000 लोग आवागमन करते हैं, जिनमें 6 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं व बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक शामिल हैं। इसी मार्ग पर प्रमुख राजकीय बालिका विद्यालय भी स्थित है। इसके बावजूद इस सड़क पर वाहन चालक तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस सड़क पर 2 चौराहे और 3 टी-पॉइंट स्थित हैं तथा पूरी सड़क सीसी सीमेंट की बनी होने के कारण अधिक फिसलन भरी है। इसे ध्यान में रखते हुए सड़क पर कुल 8 स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की आवश्यकता बताई गई है। संगठन ने प्रशासन से जल्द संज्ञान लेकर कार्य करवाने की मांग की, क्योंकि यह मामला सीधे बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। साथ ही संगठन ने शहर के अन्य विद्यालयों, प्रमुख चौराहों व टी-पॉइंट्स को चिन्हित कर वहां भी स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी घटना को रोका जा सके। ज्ञापन देने वालों में श्रीराम सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप सुथार सहित रमेश शर्मा, रामेश्वरलाल छापोला, अजय शर्मा, अंकित सेठिया आदि उपस्थित रहे।

## बीदासर में अवैध निर्माण पर नगर पालिका की सख्ती, कॉम्पलेक्स निर्माण रुकवाया



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे में लगातार बढ़ते अवैध निर्माण कार्यों पर नगर पालिका बीदासर ने शुक्रवार को सख्त रुख अपनाया। अधिशासी अधिकारी (ईओ) भरत गौड़ ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई के संकेत दिए। इस दौरान नया बस स्टैंड क्षेत्र में नामदेव मंदिर के पास बिना स्वीकृति चल रहे कॉम्पलेक्स निर्माण को मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया गया। ईओ भरत गौड़ ने निर्माणकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि निर्माण के लिए वैध स्वीकृति ली गई है तो उसकी संबंधित पत्रावली तत्काल नगर पालिका में प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में निर्माण के लिए किसी प्रकार की अनुमति नहीं पाई गई है। ऐसे में यदि अवैध निर्माण जारी रखा गया तो नियमानुसार सीज करने सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के समय जमादार गिरधारी लोहिया भी साथ रहे। ईओ गौड़ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण न करें। नगर पालिका नियमों के अनुसार ही निर्माण कराएं, अन्यथा कानूनी कार्रवाई तय है। गौरतलब है कि इससे पहले नगर पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया ने कस्बे में अवैध निर्माणों और आवासीय भूखंडों पर दुकानों के प्लॉट काटकर बिक्री की शिकायत मुख्यमंत्री और डीएलबी को की थी। इसके बाद से नगर पालिका प्रशासन की ओर से लगातार सख्ती बरती जा रही है। सूत्रों के अनुसार कार्रवाई के बाद पालिका अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बनाने के प्रयास भी किए गए। इस पर ईओ भरत गौड़ ने दो टूक कहा कि किसी भी प्रकार के दबाव में आकर कार्रवाई नहीं रोकी जाएगी और नगर पालिका हित में अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कदम आगे भी जारी रहेंगे।

## कसूम्बी रोड़ पर अतिक्रमण हटाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शिवबाड़ी मोहल्ले के कुछ लोगों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रास्ते पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड न. 32 में शिवबाड़ी रोड़ पर कसूम्बी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से भवन निर्माण सामग्री डालकर आम रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे सड़क व रास्ता संकरे हो गए हैं। जिससे वाहन चालकों और आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसलिए अतिक्रमण हटाकर पूरा रास्ता बहाल करवाया जाए। ज्ञापन पर रामरतन, पूसादास, कानाराम आदि लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## चूरू शहर में खुले आम बिक रहा चाइनीज मांझा, प्रशासन मौन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** मकर संक्रांति त्योहार के नजदीक आते ही बाजारों में पंतगों का बाजार सज जाता है। इस बार भी त्योहार के नजदीक आते ही पतंगों का बाजार सज गया है। जिसमें दुकानदार हर बार की तरह चाइनीज मांझा (प्लास्टिक डोर) की बिक्री के लिए दुकानों में बैठ गए हैं। यह डोर न केवल आमजन के लिए बल्कि पक्षियों के लिए खूनी डोर साबित हो रही है क्योंकि इस डोर की चपेट में आने से हर वर्ष अनेक पक्षी घायल हो जाते हैं तो अनेक लोगों के हाथों, गर्दन या गालों पर निशान छोड़ जाती है। कुछ दिनों पहले सरदारशहर निवासी आर्मी जवान के चाइनीज मांझा से गले पर घाव हो गया था जिससे गले पर सात टांके आए थे। इसको लेकर लोग अनेक बार प्रशासन से इस डोर पर बैन लगाने की मांग कर चुके है लेकिन प्रशासन ने अभी तक चाइनीज मांझा की बिक्री को लेकर कोई सख्त कदम नहीं उठाया है। यहीं कारण है दुकानदार बेखौफ होकर इसकी बिक्री कर रहे हैं। स्कूली बच्चों की छुट्टियां होने पर चूरू शहर में चाइनीस मांझा की बिक्री ओर तेजी पर है।

### चाइनीज डोर हर वर्ष पक्षियों के साथ इंसानों को दे रही हैं घावः

यह चाइनीज डोर हर वर्ष पशु-पक्षियों के साथ इंसानों को भी घाव दे रही हैं। हवा में उड़ते पक्षी चाइनीज डोर की चपेट में आकर घायल हो जाते हैं तो पतंग कटने के बाद डोर नीचे आने से पशुओं के गले व मुंह में उलझ कर उन्हें भी घायल कर देती है। हर वर्ष सैकड़ों पक्षियों के जीवन डोर इस चाइनीज डोर से कट जाती है।

### बच्चों में चाइनीज मांझा खरीदने का कारणः

पक्की डोर के लालच में चाइनीज डोर खरीद रहे युवा चाइनीज (प्लास्टिक) डोर धागे की डोर के मुकाबले अधिक मजबूत होती है। इसलिए युवा चाइनीज डोर की अधिक खरीद करते हैं। जबकि दुकानदार भी युवाओं को चाइनीज डोर के प्रति आकर्षित करते हैं। जिस दुकान पर पतंग मिलते हैं उसी दुकान पर चाइनीज मांझा भी मिलता है। अकेले चूरू शहर में लाखों रुपये की चाइनीज डोर की बिक्री होती है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
27 दिसम्बर, 2025

# प्रधान कक्ष से वर्तमान विधायक की फोटो हटाई तो मचा बवाल

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड कार्यालय पर नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स




**तारानगर(निस)।** पंचायत समिति प्रधान कक्ष से स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया की लगी फोटो हटाने वालों के खिलाफ जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोग उपखंड कार्यालय पहुंचे जहाँ उन्होंने लगभग एक घंटे तक जमकर नारेबाजी की व तहसीलदार को ज्ञापन दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा एक कमरे से फोटो हटाकर आपने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है लेकिन बुड़ानिया हर दिल में बसा हुआ वहाँ से आप कैसे हटा दोगे। इस अवसर पर निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, बीडीसी सदस्य मोहर सिँह ज्याणी, ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश सहारण, मदन पांड्या, शहर अध्यक्ष भागीरथ भामी, दिनेश प्रजापत, पार्षद हरिसिंह बेनिवाल, कृष्ण सहारण, हनुमान कस्वां, बाबू हुसैन कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि कुंदन सैनी, जासम खोखर, रामस्वरूप झाझड़िया, रामसिंह सहारण, भगत सिँह भाकर, सुनील सैनी, यूनस व्यापारी, अकरम बिसायती, दिनेश खंडेलवाल, सुरजीत वर्मा, विकास सैनी, पप्पू गोस्वामी कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तुलसी पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के सीताराम जी मंदिर में तुलसी पूजा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर कमेटी के सुभाष पुजारी ने बताया कि 25 दिसंबर को तुलसी माता की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन तुलसी माता की विधिवत पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर महंत बनवारी लाल पुजारी के सानिध्य में तुलसी माता का भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मातृ शक्तियों की ओर से मंगल गीत गाए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पूजा-अर्चना के उपरांत महा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में भगवा रक्षा वाहिनी के संरक्षक सुरेश जाजोदिया सहित बजरंग लाल, श्यामसुंदर खाटू वाला, नथमल भंडारी, शंभू दयाल बील, अनिल मिश्रा, ललित भूत, जयप्रकाश सरावगी, अरुण चौधरी, प्रमोद मंगलूनेवाले, पवन जोशी, पार्षद अमित जोशी, मुकेश सैनी, ताराचंद ठेकेदार, नवीन काछवाल, गोपाल काछवाल, व्यवसायी रवि चिरानिया, मनोज जालान, प्रमोद चिरानिया, दिनेश जालान, कन्हैयालाल चिरानिया, अनिल चिरानिया, विनय जालान, पवन खाटू वाले, अनिल मंगलूने वाले, राजेश जोशी, विक्रम सिंह तंवर, सुरेश बीबीपुरिया, राकेश सेन, महेश सेन, प्रकाश जोशी, गणेश मुरारी डीडवानिया, अमरचंद पुजारी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।इसके अलावा पत्रकार राम शर्मा, मुकेश कुमावत, कमल सुरोलिया, संदीप शर्मा, नेता व मातृशक्ति से लक्ष्मी गौतम व ममता काछवाल (रामगढ़) सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिह की पुण्यतिथि मनाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के पंचायत समिति में स्थित विधायक जन सुनवाई केंद्र में शुक्रवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिँह की पुण्यतिथि मनाई। उपस्थित लोगों ने मनमोहन सिह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया एवं मनमोहन सिँह अमर रहे के नारे लगाए। पार्षद हरिसिंह बेनीवाल ने प्रधानमंत्री मनमोहन की जीवनी पर प्रकाश डाला तो वहीं उपस्थित लोगों ने इसके बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मोके पर निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, मोहरसिंह ज्याणी, मदन पांड्या, वेद प्रकाश सहारण, बाबू हुसैन कुरैशी जासम खोखर, कुंदन सैनी, सुरजीत वर्मा, दिनेश शर्मा, सुनील सैनी, भगतसिंह भाकर सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# वीर बाल दिवस पर फतेहसिंह और जोरावर के बलिदान को किया याद



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** कस्बे के भाजपा कार्यालय में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गुरु गोविन्द साहब के साहबजादों को नमन व श्रद्धाजलि देकर उनके बलिदान को याद किया गया। धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले गुरु गोविंदसिंह के साहिबजादे बाबा फतेहसिंह और बाबा जोरावर सिंह के बलिदान दिवस जिसको देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस का नाम देकर इस दिन को हर वर्ष बाल दिवस के रूप में बनाने के लिए तय किया। राष्ट्र इन वीरों के शौर्य, त्याग और समर्पण का सदैव ऋणी रहेगा। भाजपा कार्यालय में हम सभी पार्टी के जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल किशनसिंह राठौड़, मोहम्मद तैयब, भंवरलाल पूनियाँ, महेंद्र स्वामी, विशाल शर्मा, गुमान सैनी, रोहिताश शर्मा, कमांडो चुन्नीलाल सैनी, पुष्करदत शर्मा, ब्रजमोहन साखी, जोगेन्द्रसिंह राठौड़, दीपक पासवान, जे के दायमा, शिवकुमार शर्मा, शाहरुख खान, राधाकृष्णन दर्जी, राकेश शर्मा सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो नाबालिग बच्चियों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** मानव तस्करी विरोधी इकाई ओर चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल अधिकारिता विभाग की ओर से सीकर शहर से 2 नाबालिग बच्चियों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया गया। जिनमें बच्चियो की उम्र 7 व 10 वर्ष है। रेस्क्यू की गई बच्चियों को बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान के समक्ष पेश किया गया। टीम में मानव तस्करी विरोधी यूनिट की प्रभारी सी .आई. सुनीता बॉयल, मनोज, कौशल्या, सुनीता, प्रेम प्रकाश चाईल्ड हेल्प लाइन से राकेश चिरानिया, ममता सैनी आदि शामिल रहे।

# आरोग्य मेला: सांस्कृतिक संध्या में लोक संस्कृति हुई साकार

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयुर्वेद विभाग की ओर से चल रहे संभाग स्तरीय आरोग्य मेले में गुरुवार शाम को रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकार कंचन सपेरा, सलमा सपेरा, गिरिराज व अंजली ग्रुप की ओर से पारंपरिक लोक नृत्य, भवाई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आरोग्य मेले के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य जांच, परामर्श सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इस प्रकार के आयोजन समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सहायक होते हैं। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने मेले की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. कमल वशिष्ठ ने मांड गायन की प्रस्तुति दी। इस दौरान निवर्तमान उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, सुरेश सारस्वत, सीपी शर्मा, श्रीराम पीपलवा, डॉ. मनीष शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकृष्ण शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र शर्मा, डॉ. संतरा जाट, डॉ. संजय तंवर, डॉ. ओम प्रकाश सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमल वशिष्ठ ने किया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में चल रहे संभाग स्तरीय आरोग्य मेले के दूसरे दिन शुक्रवार को आमजन को बेहतरीन आयुष सुविधाएं मिली और इस दौरान आगंतुकों ने आयुष उत्पादों की स्टॉलों का अवलोकन कर खरीदारी की। सहायक निदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सवेरे योगाभ्यास किया गया और प्रश्नोतरी, वैज्ञानिक सेमीनार व स्वास्थ्य विषयक व्याख्यान आयोजित किए गए।

# इंडोर स्टेडियम का निर्माण करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने युवा मामलात व खेल विभाग के शासन सचिव नीरज के पवन के नाम एक ज्ञापन उपखंड कार्यालय में सौंपकर सुजानगढ़ में इंडोर स्टेडियम का निर्माण करवाये जाने की मांग की है। नायब तहसीलदार असलम खां को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों और मैदान के अभाव में खिताड़ियों की प्रतिभा निखर नहीं पाती। अतः जल्द से जल्द सुजानगढ़ में इंडोर स्टेडियम का निर्माण करवाया जाए।

# श्रीराम कथा का आयोजन जारी



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** मुख्य बाजार में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन सीता स्वयंबर का प्रसंग सुनाया। कथावाचक उज्जैन के शर्मा बंदु सुखदेव शर्मा, कौशलेन्द्र शर्मा व राघवेंद्र शर्मा ने दूसरे दिन श्रीराम कथा का प्रसंग सुनाते हुए माता सीता के विवाह के बारे में श्रोताओं को सुनाया। यजमान उमाशंकर अग्रवाल, सुजाता अग्रवाल व हनीश अग्रवाल, रविशंकर पुजारी, कमल पुजारी ने फाजिल्का ने कथा की पूजा की। 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित श्रीराम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे है।

# रतनगढ़ विधायक ने किया खेल महोत्सव का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बाल भारती इंटरनल उच्च माध्यमिक विद्यालय व बाल भारती विद्यापीठ बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल महोत्सव सीजन 3 का शुभारंभ शुक्रवार को गोपालपुरा रोड़ स्थित कृष्णा एकेडमी के खेल मैदान पर हुआ। मार्च पास्ट से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और खेल प्रभारियों व शिक्षकों ने खेल भावना की शपथ ली। मशाल लेकर खिलाड़ियों ने मैदान का चक्कर लगाया और उसके बाद मशाल स्थापित की गई। स्कूल के विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, मंडल भाजपा अध्यक्ष विनय माटोलिया, उपन सभापति अमित मारोठिया, रामचंद्र गोदारा, श्रवण बिजारणिया, भंवरलाल बिजारणिया, बनवारीलाल खीचड़, रामलाल गुलेरिया, हेमलता झाझड़िया, दिनेश तंवर, फूलचंद बिजारणिया, हनुमान चंदेलिया आदि मौजूद रहे। निदेशक नोपाराम मंडा ने बताया कि खेल सप्ताह में हॉकी, कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, गोलाफेंक, तस्तरी फेंक, बाधा दौड़, रस्साकस्सी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अतिथियों का प्रिंसिपल मैना जानू, रचना जांगिड़, प्रीति जांगिड़, प्रभारी मीरा जाखड़, अशोक मण्डा, विनोद सेन आदि ने स्वागत किया।

# सालासर की श्री बालाजी गौशाला बनी गौसेवा का देशव्यापी उदाहरण

## जूनापीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरी महाराज ने की गौपूजन 56 भोग अर्पित

जयपुर टाइम्स

**सालासर बालाजी(निस)।** सालासर की श्री बालाजी गौशाला संस्थान गौसेवा के क्षेत्र में देशभर में एक अनूठा उदाहरण बनकर उभरी है। शुक्रवार को जूनापीठाधीश्वर स्वामी श्री अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने गौशाला पहुंचकर विधिवत गौ माता की पूजा-अर्चना की और गायों को छप्पन भोग अर्पित किए।
गौशाला पहुंचने पर गौशालाध्यक्ष रविशंकर पुजारी ने स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज का तिलक-अर्चन व माल्यार्पण कर भव्य, दिव्य स्वागत किया। इस अवसर पर महाराज ने कहा कि सालासर की यह गौशाला देश की भव्य



गौशालाओं में शुमार है और यह संभवतः पहली गौशाला है, जहां गौ माता को 56 भोग अर्पित किए जाते हैं। उन्होंने इसे गायों की सेवा के लिए एक प्रेरणादायी और अनुकरणीय मॉडल बताया। स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने गौ माता का महात्म्य बताते हुए कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि विश्व की माता है। गौ माता के सान्निध्य मात्र से ही व्यक्ति स्वस्थ और खुशहाल रहता है। उन्होंने प्रत्येक घर में गौसेवा को आवश्यक बताते हुए कहा कि समाज के कल्याण का मार्ग गौसंरक्षण और गौसेवा से होकर गुजरता है। सालासर की पावन धरती का उल्लेख करते हुए महाराज ने कहा कि बालाजी साक्षात महादेव हैं और यहां की मिट्टी के स्पर्श मात्र से ही कल्याण हो जाता है। उन्होंने स्वयं को भी बालाजी का सेवक बताते हुए श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर भंवरलाल पुजारी, सत्यप्रकाश पुजारी, संपत पुजारी, अरविंद पुजारी, प्रथम पुजारी सहित गौशाला स्टाफ व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और महाराज का स्वागत-अभिनंदन किया।

# भाइयों में प्रेम ही जीवन का सबसे बड़ा सुख हैः कृष्णानन्द महाराज



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के माहेश्वरी भवन में चल रही राम कथा के छठे दिन पर कथा वाचक कृष्णानन्द महाराज ने भरत मिलाप का अत्यंत भावपूर्ण, मार्मिक और हृदय को छू लेने वाला प्रसंग सुनाया। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें उस समय नम हो गईं जब अयोध्या के राजकुमार भरत और भगवान श्रीराम का मिलन वर्णित हुआ। व्यासपीठ से बताया कि भरत का प्रेम राजपद के लिए नहीं बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरणों के लिए था। उन्होंने राज्य को ठुकराकर श्रीराम की खड़ाऊं को ही सिंहासन पर स्थापित किया। भरत और राम का यह मिलन त्याग, समर्पण और निष्कलुष भ्रातृ प्रेम का जीवंत उदाहरण बना। कथा में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर आया कि सच्चा भाई वही होता है जो स्वार्थ त्यागकर धर्म, सत्य और प्रेम के मार्ग पर साथ खड़ा रहे। आज के समय में यह प्रसंग हमें सिखाता है कि भाई-भाई का संबंध ईर्ष्या या अधिकार का नहीं बल्कि विश्वास, सहयोग और सम्मान का होना चाहिए। छठे दिन की कथा ने श्रोताओं के मन में पारिवारिक प्रेम, संस्कार और एकता का गहरा भाव भर दिया। पूरा माहेश्वरी भवन जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथा में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, सूर्यप्रकाश जैसनसरिया, राजेश पारीक, संदीप कंदोई, गजानंद मिमानी, प्रमोद पेड़ीवाल, प्रेमरतन लखोटिया, राधाकृष्ण वर्मा, विरेंद्र बुनकर, बसंत सोमानी, कन्हैयालाल प्रजापत, बजरंगलाल शर्मा, सुरेंद्र मूंदडा, बसंत सोमानी, ललित लखोटिया, राकेश मिश्र सहित अनेक श्रोता उपस्थित रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल, बिसाऊ में शुक्रवार को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद सहित कई खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय प्रशासन ने मोमेंटो व पदक देकर सम्मानित किया। सस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह सिहाग ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गुर्जर समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री देवनारायण मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में गुर्जर समाज के लोगों ने चतुर्थ श्रेणी भर्ती कर्मचारी 2024 में अति पिछड़ा वर्ग के पद वर्गीकरण में उत्पन्न प्रशासनिक विसंगति को सुधारे जाने व सामान्य अभ्यर्थियों को हुए नुकसान को बारे में ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया गया है कि 2024 की भर्ती में भूतपूर्व सैनिकों को 306 के स्थान पर 496 पद आवंटित किए गए, जो करीब 20 प्रतिशत से ज्यादा बैठता है। जो कि एमबीसी के हिस्से से काटे गए हैं। अतः इस विसंगति को दूर कर एमबीसी के हक अधिकारों के साथ न्याय किया जावे। ज्ञापन सौंपने के दौरान मनसुख गुर्जर, मनोज गुर्जर, शंकरलाल, सांवरमल गुर्जर, कन्हैयालाल, मनोहरलाल, अशोक, रोहित सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इससे पहले एमबीसी के अधिकारों को लेकर नारेबाजी भी की गई।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपनी पुत्री अफरीन का नाम बदल कर अफरीन मनीहार (AFREEN MANIHAR) कर दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को अफरीन मनीहार (AFREEN MANIHAR) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**इरफान पुत्र सराजुदीन, नाथो तालाब के पास, सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक : डी-1704-13 दिनांक : 19/12/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या : 33/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य कुल 02 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr. rajasthan. gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A44813 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB19213 | 2 | PWD2526WSOB19214 |

DIPR/C/19017/2025

**वियज प्रताप करवा**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड-तारानगर**

## वीर बाल दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** वीर बाल दिवस पर न्यू राजस्थान टी. टी. कॉलेज व् राजस्थान टी. टी. कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह सिहाग ने प्रशिक्षणार्थियों को वीर बाल दिवस पर इसके महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ जितेन्द्र सहारण, सुभाष कपुरिया, किशोर कुमार, मांगीलाल, डॉ नीतु आदि उपस्थित रहे।

## विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए वार्ड का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शुक्रवार को शहर के वार्ड नंबर 03 में गंदे पानी की निकासी, विद्युत पोल शिफ्टिंग करवाने, नई सड़क मय नाला निर्माण करवाने जैसी समस्याओं के समाधान के लिए वार्ड में जाकर मौका निरीक्षण किया। पूर्व विधायक के साथ नगर पालिका, विद्युत विभाग व जलदाय विभाग के अधिकारीयों ने भी मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक ने सभी समस्याओं के लिए सम्बंधित अधिकारीयों से समस्या समाधान के लिए प्रपोजल तैयार करके यथाशीघ्र समस्या समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान वार्डवासियों ने भी समस्याओं के समाधान में अपने आवश्यक सुझाव भी दिए। उल्लेखनीय है कि रतनगढ़ के पूर्व विधायक समय समय पर समस्याओं का मौके पर ही जाकर निरिकरण करवा रहे है। इस अवसर पर नगरपालिका जेईएन सुनील मंड़ार, अंकित कुशवाह,भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, दीनदयाल पारीक, सुशील इन्दौरिया, बलवीर स्वामी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता एवम वार्डवासी उपस्थित रहे।

## अवैध खनन का आरोप, रोक की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में गांव लोढ़सर के कुछ ग्रामीण उपखंड कार्यालय पर पहुंचे और वहां पर उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर कथित अवैध खनन को रोके जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि राजस्थान में जहां अरावली बचाओ अभियान चल रहा है, वहीं लोढ़सर में अवैध खनन हो रहा है। खनन विभाग की अनदेखी के कारण अंधाधुंध खनन किया जा रहा है, जिसको रोका जाए। ज्ञापन में बताया गया है कि अगर कोई इस प्रकार के लोगों की शिकायत करते हैं, तो वे उनको झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं। उपखंड अधिकारी ने मामले में खनिज अभियंता को भेजकर जांच करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के संयोजक हिमांशु भाटी, लालचंद, भागीरथ, अनिल, राजा खान, अभी राठौड़, पंकज राठौड़, अनिल, अशोक, विक्रम बुरड़क, कृष्ण राठौड, विक्की चौहान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## श्री सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे के वार्ड दो में फतेहपुर रोड़ स्थित श्री सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर का स्थापना दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पंडित लालूदास महाराज के सानिध्य में गणपति महाराज की विधि विधान से पूजा- अर्चना की गई। महिलाओं ने भजन कीर्तन किया व गणेश चालीसा का पाठ किया गया। वहीं श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया और मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में कस्बेवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी ने कहा कि श्री सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर आज श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुका है तथा दर्शनों के लिए मंदिर में जिले भरे से श्रद्धालु आते हैं। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील लुहारूवाला, अशोक शर्मा, कमल चोटिया, विशाल सैनी, आशु कालोया, चिरंजी लाल सैनी उर्फ कुंभाराम, मनीष शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नरेंद्र ढाका, विनोद चोटिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राजस्थान अभियोजन अधिकारी एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव में चूरू जिले की क्रांति जैन को बड़ी जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/चूरू।** राजस्थान अभियोजन अधिकारी एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव (2025-27) का आयोजन जयपुर के बनीपार्क स्थित कोर्ट परिसर में सम्पन्न हुआ। चुनाव परिणामों में संगठन मंत्री पद पर राजलदेसर (जिला चूरू) निवासी एवं वर्तमान में जयपुर देहात में कार्यरत अभियोजन अधिकारी क्रांति जैन ने मात्र एक मत से रोमांचक जीत दर्ज करते हुए संगठन मंत्री पद पर विजय हासिल की। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रतिभा पुरोहित निर्वाचित हुईं। वहीं उपाध्यक्ष पद पर विनोद चौहान व जगमोहन, महासचिव पद पर संदीप मूंड, कोषाध्यक्ष पद पर पंकज यादव तथा संयोजक पद पर नरेन्द्र सिंह परमार निर्वाचित हुए। चूरू अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि चूरू जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि जिले की अभियोजन अधिकारी क्रांति जैन को राज्य स्तरीय संगठन में संगठन मंत्री जैसा महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। निर्वाचन के बाद संगठन मंत्री बनीं क्रांति जैन ने कहा कि जो विश्वास संगठन के सदस्यों ने उनमें जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और




समर्पण के साथ खरी उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि संगठन के हितों की रक्षा, अभियोजन अधिकारियों की समस्याओं के समाधान तथा संगठन को मजबूत करने की दिशा में वे पूरी जिम्मेदारी से अपने पद के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। क्रांति जैन के निर्वाचन से चूरू जिले के लोगों, अभियोजन अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिले में इसे महिला सशक्तिकरण और चूरू जिले की प्रतिभा को राज्य स्तर पर मिली पहचान के रूप में देखा जा रहा है। अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं और अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

## जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम के निर्देशन में अवैध गैस रिफिलिंग के कारोबार का भण्डाफोड

### कार्यवाही के दौरान मौके पर कुल 66 कॉमर्शियल व घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जिला प्रशासन के स्तर से संचालित ऑपरेशन प्रवर्तन सतर्क नागरिक सुरक्षित शहर के तहत डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी जिला कलक्टर के निर्देशानुसार गोपनीय सूचना तंत्र के माध्यम से सूचना प्राप्त होने पर जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा तत्काल विशेष सतर्कता दलों का गठन किया गया। जिला रसद कार्यालय द्वारा गठित सतर्कता दल की प्रवर्तन निरीक्षक कीर्ति शर्मा द्वारा लवकुश नगर द्वितीय, बरकत नगर, जयपुर में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में दबिश दी गई। चारण के नेतृत्व में सतर्कता दल द्वारा की गयी कार्यवाही के दौरान लवकुश नगर द्वितीय, बरकत नगर, जयपुर में स्थित मकान नम्बर 62 बी के परिसर तथा पास ही स्थित अन्य दुकान जायसवाल एंटरप्राईजेज में 66 गैस सिलेण्डरो (29 घरेलू व 37 वाणिज्यिक सिलेण्डर) का भण्डारण पाया गया जिनका अवैध रूप से भण्डारण कर क्रय-विक्रय होना पाया गया। कार्यवाही के दौरान मौके पर कुल 66 कॉमर्शियल व घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किये गये। जयपुर शहर में आये दिन ऐसे अवैध गैस रिफलिंग सेन्टर हादसों का मुख्य कारण बनते जा रहे है। शहर में अत्यधिक संख्या में पाये गये गैस सिलेण्डर भण्डारण व रिफिलिंग खुले में मिलने से कभी भी अप्रिय घटना एवं जन हानि होने की पूर्ण सम्भावना बनी रहती है। जिससे किसी भी अवैध स्टॉक में से शहर के रिहायशी क्षेत्र में हादसे की आंशका सदैव बनी रहती है क्योंकि यह अवैध भण्डारण सेंटर बिना सुरक्षा मानको को अपनाये अवैध रूप से सचालित होते है। घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध क्रय विक्रय, अवैध भण्डारण एवं दुरूपयोग जाये जाने पर दोषियों के विरूद्ध द्रवित पैट्रालियम गैस (रग्यूलेशन आफ सप्लाई एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन) आदेश 2000 के प्रावधानों एवं सपठित आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत पुलिस थाने में गैस सिलेण्डरों के अवैध भण्डारण माफियाओं के विरूद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करवायी गयी है। जयपुर शहर में ऐसे अवैध रिफलिंग सेन्टरों के संचालन होने से अवैध रिफलिंग को रोकने एव आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला प्रशासन जयपुर के निर्देशन में सख्त कार्यवाही हेतु विशेष सर्च अभियान 'ऑपरेशन प्रवर्तन' (सतर्क नागरिक व सुरक्षित शहर) के तहत सतर्कता दलों का गठन किया गया है। विभाग द्वारा संचालित 'ऑपरेशन प्रवर्तन' (सतर्क नागरिक व सुरक्षित शहर) अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा एवं अवैध रिफलिंग में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। इस हेतु जयपुर शहर के आमजन से अनुरोध है कि किसी भी संदिग्ध गैस रिफलिंग सेंटर/वितरण गतिविधि की सूचना विभाग को दें ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकें।

## पौषबड़ा महोत्सव व कैलेंडर विमोचन आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव चूड़ी अजीतगढ़ में भागवत प्रचार सेवा समिति की ओर से प्रकाशित गौ सेवा संकल्प (हमारी संस्कृति-हमारी परम्परा) तिथि दर्शिका कलैंडर विमोचन व पौषबड़ा महोत्सव शनिवार को शाम 4 बजे श्री ठेलाणा धाम बालाजी मंदिर में मनाया जाएगा। संस्था अध्यक्ष पंडित अनिल मुरारी शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर हनुमानजी महाराज को भोग लगाकर पोषबड़े का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुन्झनू में चल रहे सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक सामुदायिक सद्भावना पैदा करने वाला कार्यक्रम है जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मंजू चौधरी ने सभी स्वयंसेवकों की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास मील ने सात दिवसीय शिविर में किए गए कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी रमेश कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर छात्रों की ओर से गोद ली गई बस्ती में नशा मुक्ति की रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया और नशा मुक्ति की सभी को शपथ दिलाई। समापन कार्यक्रम में डॉ. संगीता डॉ. कविता, सचिन, दारासिंह और स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

## मंडावा के 'करणी कृपा स्कूल' के धुरंधरों का राष्ट्रीय स्तर पर जलवा

### गुंजन और युवराज ने असम में जीते मेडल

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** खेल जगत से मंडावा के लिए गौरवशाली खबर आ रही है। असम के गुवाहाटी स्थित प्रतिष्ठित सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (नबीन चंद्र बार्डोलोई इंडोर स्टेडियम) में आयोजित 31वीं राष्ट्रीय थांग-ता जूनियर प्रतियोगिता 2025 में करणी कृपा स्कूल, मंडावा के विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राजस्थान की झोली में पदक डाले हैं। 22 से 24 दिसंबर तक चली इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में स्कूल की छात्रा गुंजन जांगिड़ और छात्र युवराज सिंह ने अपने असाधारण कौशल और फूर्ति का प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल (कांस्य पदक) पर कब्जा किया। इन दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर न केवल मंडावा, बल्कि पूरे राजस्थान का नाम खेल मानचित्र पर चमका दिया है। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक जीत पर स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशांत ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिए एक स्वर्णिम क्षण है। गुंजन और युवराज की कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है। ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं जब राष्ट्रीय मंच पर पदक जीतती हैं, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन जाती है। संस्था के डायरेक्टर गणेश सिंह शेखावत सहित समस्त शिक्षक स्टाफ ने विजेताओं का हौसला बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मंडावा क्षेत्र के खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

## श्री हरियाणा गौड ब्राह्मण विद्यालय समिति को महाविद्यालय निर्माण के लिए जमीन आवंटित

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किया आभार व्यक्त

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कांस)।** राज्य सरकार की ओर से पूर्व में आवंटित श्री हरियाणा गौड ब्राह्मण विद्यालय समिति को महाविधालय निर्माण के लिए आवंटित10000 वर्ग मीटर जमीन विराजपुरा बस्सी का पट्टा जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से समिति के महामंत्री भागचन्द कांजला व उपाध्यक्ष गिरधारी लाल बंदावला को सुर्पद किया गया। इसके बाद समिति के पदाधिकारी महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचन्द शर्मा व राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद का महासभा की ओर से जमीन आवंटन में शुरु से आज तक सहयोग करने पर मिल कर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चंद शर्मा ने सीमति के पदाधिकारी भामाशाह और समाज बंधुओ को इस एतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार मह?ाविधालय निर्माण में सहयोग देने की सभी से अपील की। इस अवसर पर समिति पूर्व अध्यक्ष जगदीश बंदावला ने भी सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी धनश्याम, महासभा के सह महामंत्री बंशी बोहरा, सह कोषाध्यक्ष गोपाल गागोरिया,अरुण शर्मा, विष्णु शर्मा, राजेश बंदावला आदि समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## सड़क क्षतिग्रस्त और गन्दे पानी के भराव से आमजन परेशान




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** नाटास की मेन सड़क के क्षतिग्रस्त होने के कारण गन्दे पानी का भराव रहता है जिसके कारण आमजन व स्कूल जाने वाले बच्चे भी काफी ज्यादा परेशान होते है। आम रास्ते में तेज़ गति वाहनों के कारण बहुत बार आने - जाने वाले लोगों पर गन्दे पानी के छिटे लगते हैं और वो अपने कार्य के लिए लेट जाना पड़ता है। नजदीकी लोगों का कहना है कि इस रास्ते से अधिकारी गण रोजाना जातें हैं लेकिन आज़ तक इस समस्या का हल नहीं हुआ। नजदीकी लोगों ने कई बार सरपंच ग्राम सेवक व अधिकारी को संज्ञान भी करवा दिया लेकिन अधिकारी मौन ही रहते हैं। गांव के सरपंच ने बताया कि अधिकारियो को पिछले कई माह से लगातार अवगत कराया गया। फिर भी कार्यवाही पर चुप्पी साधे बैठे अधिकारी। आमजन और जनप्रतिनिधि ने जयपुर टाइम्स की टीम के साथ अंतिम बार अवगत करवा रहे हैं अगर अब भी विभाग चुप्पी साधे बैठे रहा तो बहुत जल्द उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा। मनोहर शर्मा नाटास, रूपेश शास्त्री, विजय सिंह, राजेश झाझरिया, गोपी राम शर्मा, महेश आदि लोग मौजूद रहे।

## नगरपालिका पर जमकर बरसे पूर्व विधायक राजकुमार शर्मा

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ में कोंग्रेस कार्यालय पर शुक्रवार को पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार डॉ राजकुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता की जिसमें अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। अहम विषय सैनिकों के लिए केंटिन व जिला अस्पताल के बल्ड बेंक को लेकर, 450 करोड़ बजट की घोषणा, ढेढाणा जोहड़, परसारमपुरा के स्टेडियम, सुषासन यात्रा, अनेक विषयों पर प्रश्न चिन्ह लगाया गया। आरोपित लोगों को पायलट बताया और ठेकेदारों को परेशान, बाल्मीकि समाज के



हक की बातें, स्मार्ट मीटर, हाल ही ग्राम पंचायत में किए बदलाव को लेकर, डॉ शर्मा ने कहा कि बहुत जल्द ही इन सब के खिलाफ प्रत्येक गांव में कारवा लेकर जिला स्तरीय विरोध दर्ज करेंगे। वर्तमान में विधायक पर प्रेस वार्ता करने के लिए कहां, आपके किए गए विकास कार्य की सूची जारी करें। बार - बार प्रेस वार्ता के लिए मेरे छोटे भाई को आगे कर देते हों। डॉ शर्मा बोले कि पूर्व में नवलगढ़ को एक गुलदस्ते में सज़ा कर रखा लेकिन आज लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। रोज़ मेरे पास फ़ोन आतें हैं, और अब तों रात 7 बजें भी आमजन बहार घूमने से डरते हैं। इसमें कोंग्रेस ब्लॉग अध्यक्ष बलदेव सैनी, अनोखा सैनी, सुभीता सिगड़, महेंद्र सैनी, विकेश रॉयल, अदनान खत्री,सचीन,ओपी सुण्डा आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ग्राम पंचायत तेतरा के ग्राम मीठवास में पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार की अनुशंसा पर 68.75 लाख रुपये की स्वीकृत डामर सड़क (मंडावा-मुकुंदगढ़ सड़क मीठवास से वाया श्मशान घाट होते हुए तेतरा तक) का शिलान्यास शुक्रवार को सेनि डिप्टी खेमसिंह ढाका के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उप सरपंच राजेंद्र सौहू, हरिशंकर रयाड़, किरोड़ीमल पुनिया, किरोड़ीमल ढाका, दिनेश ढाका, मुलचंद सोहू, मोहनलाल सोहू, सुरेन्द्र पूनिया, शिवकरण पूनिया, खेमसिंह हवलदार, अमित ढाका, महेन्द्र काला, नारायण काला, अजय सोहू, घड़सीराम ढाका, श्रीचंद काला, सचिन सोहू सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। यह सड़क निर्माण क्षेत्र के विकास, सुगम आवागमन और आमजन की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 'नरेगा आखर' जिला प्रशासन जयपुर का विनम्र प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** महात्मा गांधी नरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग, साक्षरता व सतत् शिक्षा विभाग तथा प्रारंभिक शिक्षा विभाग के सहयोग से निरक्षर नरेगा श्रमिको व अन्य ग्रामीणो को साक्षरता और कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए जिले मे 'नरेगा आखर' साक्षरता से सशक्तिकरण एक रचनात्मक कार्यक्रम का प्रारंभ माह जुलाई 2025 में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की प्रेरणा से किया गया है। इस अभियान के तहत शामिल निरक्षर श्रमिको का 21 सितम्बर 2025 को एसेसमेन्ट टेस्ट आयोजित किया गया था। उक्त टेस्ट मे जिले के 46219 निरक्षर नरेगा श्रमिको द्वारा परीक्षा दी गई और जिसमे से 41290 श्रमिक उत्तीर्ण हुए। इसी क्रम में उक्त अभियान के तहत एसेसमेन्ट टेस्ट मे पास श्रमिको के लिए उच्च अध्ययन तथा वित्तीय व डिजीटल साक्षरता के संबंध में शुक्रवार को जिला परिषद जयपुर के सभागार में कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियो को 'वीबी-जी-राम-जी' की प्रारंभिक जानकारी भी प्रदान गई। इसके अतिरिक्त 'नरेगा आखर' अभियान के तहत सितम्बर 2025 में आयोजित किए गए एसेसमेन्ट टेस्ट में पास प्रत्येक ब्लॉक से 2 चयनित महिला श्रमिक जो उच्च, अध्ययन की इच्छुक हैं, उन्हे अंकतालिका का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ब्रजमोहन गुप्ता, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रा. वि.), जयपुर की ओर से की गई। जिला परियोजना प्रबंधक राजिविका, जयपुर अनुपमा सक्सेना की ओर से भी कार्यक्रम में भाग लेकर महिला श्रमिको व मेटो को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।